तापमान

अधिकतम 41.4 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



गौरव पथ के सड़क किनारे मेंटनेंस के अभाव में फुटपाथ कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो चुका है। लोग चलने से भी कतराने लगे है।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल
हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# लगातार गिर रहा जलस्तर, बिलासपुर जिला जलाभाव ग्रस्त घोषित

**नलकूप खनन पर रोक**

बिल्हा, मस्तूरी, तखतपुर एवं कोटा क्षेत्र पानी के कमी वाले ब्लाक, जल्द उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लगातार गिर रहे जलस्तर को देखते हुए कलेक्टर ने बिलासपुर जिले को आगामी आदेश तक जलाभाव ग्रस्त घोषित कर दिया है। कलेक्टर ने कहा है कि जिले में आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्ध सुनिश्चित करने के लिए खास कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही विकासखण्ड बिल्हा, मस्तूरी, तखतपुर एवं कोटा को तत्काल प्रभाव से पानी के कमी वाला क्षेत्र घोषित किया गया है। दरअसल राज्य सरकार ने भी गिरते जल स्तर पर चिंता जताते हुए एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें कहा गया है कि बिल्हा 89.17% भूजल दोहन के साथ और तखतपुर 70.84% भूजल उपयोग के साथ सेमी-क्रिटिकल जोन में आ चुके है। यह भी माना जा रहा है कि यदि जल्द उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है।

दरअसल ट्यूबवेल से पानी खींचना, बारिश का पानी पर्याप्त रूप से जमीन में नहीं जाने से ग्राउंड वाटर का रिचार्ज नहीं होना, शहरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बोरिंग से भी वॉटर लेवल में कमी हो रही है। इसके साथ ही गिरते जल स्तर का मुख्य कारण यह भी है कि तालाबों का अस्तित्व अब कम होता जा रहा है। इसके साथ ही शहर में फैक्ट्रियां, इंडस्ट्रीज और छोटे छोटे उद्योग बढ़ गए हैं। पानी के लिए जगह जगह बोरिंग किए जा रहे हैं जिसके कारण वॉटर लेवल 300 से 500 फीट नीचे चला गया है।



बिल्हा और तखतपुर सेमी-क्रिटिकल जोन में

गहराया जल संकट, जिले में 41 मीटर नीचे चला गया जलस्तर

हरिभूमि में 6 अप्रैल को प्रकाशित खबर।

## जगह-जगह बोरिंग प्रमुख कारण

ध्यान रहे कि जिले में गिरते जल स्तर का मुख्य कारण यह है कि जगह-जगह बोरिंग की जा रही है। इसके चलते बिलासपुर की जीवनदायिनी अरपा नदी इस दिनों सूखी पड़ी है। बिलासपुर, बिल्हा और तखतपुर ब्लॉक में 90 प्रतिशत लोगों के घरों में निजी बोर का पानी पहुंचता है चाहे वो शहर हो या गांव, पीने का पानी बोर की व्यवस्था पर ही टिकी हुई है। भूजल विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार बिल्हा और तखतपुर में कृषि कार्य के लिए पानी का सबसे अधिक दोहन हो रहा है इसलिए सबसे अधिक खराब स्थिति इन ब्लॉकों की है। कोटा क्षेत्र भी इन मायनों में संवेदनशील है। बिल्हा और तखतपुर में रबी की धान की फसल बड़े पैमाने पर की जा रही है। धान की फसल के लिए सबसे अधिक पानी का उपयोग होता है।

## सुरक्षित ब्लाकों की संख्या 138 से घटकर 120 रह गई

इसके साथ ही लगातार गिरते जलस्तर पर अब सरकार गंभीर होती नजर आ रही है। शासन के अवर सचिव ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखते हुए पानी के दोहन पर सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं। जारी पत्र में इसका भी उल्लेख है कि भूल जल संवर्धन के लिए मनरेगा, डीएमएफ और आपदा प्रबंधन कोष से व्यवस्था की जाए। साथ ही एक रिपोर्ट भी सामने आई है जिसमें उल्लेख है कि प्रदेश भर में पानी संकट गहराया है। इसमें साफ है कि पिछले 20 सालों में भूल जल दोहन की दृष्टि से सुरक्षित विकासखंडों की संख्या 138 से घटकर प्रदेश भर में 120 रह गई है।

## नलकूप खनन के लिए लेनी होगी अनुमति

इसके साथ ही कलेक्टर ने नलकूप खनन पर रोक का आदेश जारी किया है। कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा कि सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रायोजन के लिए नलकूप खनन नही किया जा सकेगा। हालांकि शासकीय एजेंसी जैस लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले तथा नगर पालिका निगम एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराए गए नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजनी होगी। सभी तहसील के एसडीएम को इसके लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। उक्त प्राधिकृत अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नलकूप खनन आवश्यक होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करेंगे। यदि किसी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा उक्त अधिनियम के उल्लघन में नलकूप खनन करना पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

# खबर संक्षेप

## परशुराम जन्मोत्सव मनाने बैठक आज

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव की तैयारी के लिए मंगलवार को बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक संध्या 5 बजे मध्य नगरीय चौक स्थित बिलासपुर प्रकाशन कार्यालय परिसर में होगी। इस दौरान भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर मंच द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन परिसर में होने वाले कार्यक्रम की रुपरेखा तय की जाएगी। यह जानकारी मंच के प्रदेश संगठन सचिव सुदेश दुबे साथी ने दी।



## पोषण पखवाड़ा आज से लोगों को जागरूक करेंगे

**बिलासपुर।** जनसमुदाय को स्वास्थ्य पोषण के प्रति जागरूक करने एवं पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन के उद्देश्य से 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पोषण के प्रति लोगों को जागरूक करने विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी कलेक्टर अवनीश शरण ने इसके सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी है। जारी आदेश के अनुसार पोषण पखवाड़ा के शुभारंभ पर साईकिल रैली, पोषण रथ के साथ पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कुपोषण से मुक्ति के संबंध में दायित्व निभाने शपथ ली जाएगी।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, आवेदन 13 तक

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 23 अप्रैल को बिलासपुर रेल्वे स्टेशन से पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क के लिए 375 तीर्थयात्री तथा 11 शासकीय अनुरक्षक सहित 386 तीर्थयात्रियों का दल रवाना होगा। जिसमे 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजन, परित्यक्ता एवं विधवा शामिल हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज कल्याण विभाग की संयुक्त संचालक श्रद्धा मैथ्यू ने बताया कि आवेदकों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सभी आवश्यक पूर्ति कर आवेदन पत्र संबंधित जनपद पंचायत, नगरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय में 13 अप्रैल तक जमा करना होगा। जनपद पंचायत, नगर पंचायत एवं नगरीय निकाय द्वारा प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का परीक्षण कर 15 अप्रैल तक कार्यालय संयुक्त संचालक, समाज कल्याण विभाग में जमा करना होगा।

## संभाग स्तरीय कार्यशाला 17 को

**बिलासपुर।** सूचना के अधिकार के संबंध में 17 अप्रैल को संभाग स्तरीय कार्यालयों के जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की गई है। कार्यशाला सह प्रशिक्षण का यह आयोजन जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभाकक्ष में उक्त तिथि को सवेरे 11 बजे से शुरू होगी। संभागायुक्त महादेव कावरे ने सभी संभागीय अधिकारियों को पत्र जारी कर जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को कार्यशाला में अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए हैं।

### हाईकोर्ट सख्त, सरकार से पूछा-

# बिलासपुर में सर्व सुविधायुक्त एयरपोर्ट बनाना चाहते हैं या नहीं, साफ-साफ बताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बिलासपुर में एयरपोर्ट संबंधी विकास कार्यों पर हो रही देरी पर राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने सख्त लहजे में पूछा है कि वह साफ-साफ बता दे कि बिलासपुर में एक सर्व सुविधायुक्त एयरपोर्ट बनाना चाहते हैं या नहीं। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की खंडपीठ ने इस बात पर कड़ी आपत्ति की कि लगातार राज्य सरकार विभिन्न अवसरों पर बिलासपुर में एयरपोर्ट और हवाई सुविधा देने के लिए दावे करती रही है परंतु उससे संबंधित कार्यों की गति अत्यंत धीमी है। खंडपीठ ने यह भी कहा कि यह जानते हुए कि इस मामले को हाईकोर्ट मॉनिटर कर रहा है फिर भी इस तरह की देरी समझ से परे है।

ध्यान रहे कि इस मामले की पिछली सुनवाई 29 नवंबर 2024 को हुई थी। उस समय हाईकोर्ट ने सभी विकास कार्य समय पर किए जाएंगे इस आश्वासन पर सुनवाई बढ़ाकर 7 अप्रैल कर दिया था, परंतु इस बीच किसी भी स्तर पर प्रगति नहीं होने की बात आज याचिकाकर्ताओं ने बताई। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव और अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने खंडपीठ को बताया कि नाइट लैंडिंग के लिए डीवीओआर मशीन जिसे मार्च तक बिलासपुर पहुंचना था उसका कुछ हिस्सा तो बिलासपुर पहुंच गया है और कुछ रास्ते में है, परंतु इसे स्थापित करने के लिए जो तीन कमरे का भवन बनाना था उसका काम भी आज तक शुरू नहीं हुआ है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिवक्ता अनुमेह श्रीवास्तव ने भी खंडपीठ को बताया की मशीन के सभी हिस्से इसी माह के अंत तक बिलासपुर पहुंच जाएंगे परंतु भवन के लिए सिविल और इलेक्ट्रिकल दोनों कार्य नहीं होने के कारण इसकी स्थापना तुरंत नहीं की जा सकेगी।



- नाइट लैंडिंग, 4 सी एयरपोर्ट, और सेना से जमीन वापसी पर पांच महीने में कुछ नहीं हुआ, हाईकोर्ट नाराज



- बिलासा बाई केवट एयरपोर्ट के विकास कार्यों में हो रही देरी पर मुख्य सचिव को शपथ पत्र दाखिल करने के निर्देश

## जमीन का हस्तांतरण भी नहीं हो सका

याचिकाकर्ताओं की ओर से खंडपीठ को यह अवगत कराया गया कि सेना के जमीन वापसी की पूरी सहमति रक्षा मंत्रालय और राज्य सरकार में हो जाने के बावजूद अभी तक जमीन का हस्तांतरण एयरपोर्ट प्रबंधन के पक्ष में नहीं हुआ है। इस स्तर पर केंद्र सरकार के अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा ने खंडपीठ को जानकारी दी कि इस संबंध में आवश्यक राशि राज्य सरकार के द्वारा जमा नहीं कराई गई है जिसके कारण यह हस्तांतरण रुका हुआ है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से यह भी बताया गया कि 4सी श्रेणी के एयरपोर्ट को बनाने के लिए जी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट की आवश्यकता होगी। उसे बनाने का भरोसा शपथ पत्र के माध्यम से नवंबर 2024 में ही राज्य सरकार ने दिया था परंतु आज तक वह डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है और जानकारी के मुताबिक उसे संबंध में भी कोई कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है।

## सबसे अधिक देरी राज्य सरकार ही कर रही

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से वांछित कार्यों को समय पर पूरा नहीं करने पर खंडपीठ ने अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर से सवाल किया कि आखिर यह स्थिति क्यों है। राज्य सरकार के अधिवक्ता द्वारा दो सप्ताह के समय मांगे जाने पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा कि सर्वाधिक देरी राज्य सरकार की तरफ से हो रही है और यह भी तब हो रहा है जब याचिका 7 साल से लंबित है। कोर्ट ने कहा कि बिलासपुर की जनता लंबे समय से एयरपोर्ट की मांग कर रही है और हाईकोर्ट इन विकास कार्यों की मॉनीटरिंग कर रहा है। सुनवाई के बाद अपना आदेश लिखते हुए खंडपीठ ने निर्देश दिए कि राज्य के मुख्य सचिव सभी बिंदुओं पर नाइट लैंडिंग सुविधा संबंधी निर्माण कार्यों में देरी, सेना के कब्जे वाली जमीन की वापसी की स्थिति और 4सी एयरपोर्ट बनाने के लिए उठाए गए कदमों की पूरी जानकारी शपथ पत्र में दें। खंडपीठ ने इसके लिए दो सप्ताह का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 7 मई को नियत की गई है।



# जेवर चोरी करने आईं तीन बहनों सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने खरीददारी करने के बहाने जेवर चोरी करने आईं तीन बहनों सहित चार लोगों को रंगे हाथों पकड़ लिया। ये चारों उनकी दुकान में खरीददारी के बहाने पिछले 3 साल से चोरी कर रहे थे। उनके कब्जे से 23 तोला सोना, 1 किलो 600 ग्राम चांदी, 4 लाख 47 हजार रुपए नकद व वारदात में प्रयुक्त दो कार जब्त की गई है।

- 23 तोला सोना, डेढ़ किलो चांदी, 4 लाख 47 हजार रुपए नकद, दो कार जब्त
- एक ही ज्वेलरी शाप में 3 साल से कर रही थी चोरी

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से चारों जमानत में रिहा हो गए हैं।

बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, बिल्हा निवासी मनोहर जायसवाल की जेवर की दुकान है। तीन भाई दुकान चलाते हैं, पिछले तीन साल से उनकी दुकान में कार से तीन महिलाएं खरीददारी करने आ रही थीं। तीनों महिलाएं उनकी दुकान में खरीददारी करने पहुंच जाती थीं और सोने चांदी के छोटे जेवर खरीदकर चले जाती थीं, व्यापार में लगातार नुकसान होने पर तीनों भाईयों ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज देखा, जिसमें खरीददारी करने के बहाने तीनों महिलाएं जेवर चोरी करते नजर आईं। श्री जायसवाल ने 5 अप्रैल को फुटेज के साथ चोरी की सूचना पुलिस को दी। उसके बाद वे चोरी गए जेवर के आंकलन करने में लग गए। 6 अप्रैल को उक्त तीनों महिलाएं कार से एक व्यक्ति के साथ उनकी दुकान में फिर से खरीददारी करने पहुंच गईं। श्री जायसवाल ने महिलाओं के दुकान आने की सूचना पुलिस को दी। चकरभाठा सीएसपी अनिता प्रभा मिंज, टीआई श्री साहू स्टाफ के साथ दुकान पहुंच गए, पुलिस तीनों महिलाओं व व्यक्ति को हिरासत में लेकर थाने ले गई। कड़ाई से पूछताछ करने पर महिलाओं व व्यक्ति ने उक्त दुकान से खरीददारी करने बहाने 3 साल से सोने चांदी के जेवर चोरी करना स्वीकार लिया। पकड़ी गई तीनों महिलाएं बहनें हैं व व्यक्ति एक बहन का पति है। पुलिस ने उनका निशानदेहीं पर उनके घरों से चोरी का 23 तोला सोना व 1 किलो 600 ग्राम चांदी के जेवर, 4 लाख 47 हजार रुपए बिक्री रकम व वारदात में प्रयुक्त 2 कार बरामद कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 305, 3, 5 के तहत तीनों बहनों व व्यक्ति को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से चारों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

## पकड़े गए आरोपी

- संजना उर्फ रेखा पति संजू तिवारी 36 साल बहतराई सरकण्डा
- सीमा पति गोलू साहू 30 साल बहतराई सरकण्डा
- अनिता साहू पिता कोमल साहू 25 साल लगरा आरटीओ आफिस के पास
- कोमल साहू पिता सुखराम साहू 26 साल लगरा आरटीओ आफिस के पास

## स्वयं की खोल ली ज्वेलरी दुकान

टीआई श्री साहू ने बताया, तीनों बहनों ने श्री जायसवाल की दुकान से तीन साल तक सोने चांदी के जेवर की चोरी की। उसके बाद स्वयं राजकिशोरनगर में स्वयं ज्वेरी की दुकान खोल ली। पुलिस ने घर व दुकान से सोने चांदी के जेवर बरामद किया है।

### घटना के दो तीन दिन पहले महामाया कुंड की ओर जाते दिखे थे आरोपी

# कछुओं की मौत : पांच आरोपियों में से दो पकड़े गए, तीन फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





गिरफ्तार आरोपी।

रतनपुर के महामाया कुंड में मृत मिले दो दर्जन से अधिक कछुओं के मामले में वन विभाग की टीम ने जांच पूरी कर ली है, जांच के दौरान सीसीटीवी में देर रात पांच आरोपी बोरियां लेकर महामाया कुंड की ओर जाते और सुबह वापस आते दिख रहे हैं। टीम ने दो आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार करने के बाद रिमांड में जेल भेज दिया गया है। वहीं तीन मुख्य आरोपी अभी भी फरार हैं।

जानकारी के अनुसार 25 मार्च को रतनपुर स्थित महामाया मंदिर कुंड के किनारे जाल में फंसे कछुओं को मरा हुआ देखा गया। सूचना मिलते ही वन मंडल के वन मंडलाधिकारी सत्यदेव शर्मा अपनी टीम के साथ रतनपुर महामाया मंदिर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने इस मामले में जांच के साथ रतनपुर महामाया मंदिर में लगे सीसी टीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी। इस दौरान कुछ सीसी कैमरे में आरोपियों की तस्वीर आ गई। इसके बाद आरोपियों के संबंध में पूरी छानबीन करने के बाद सोमवार की दोपहर वन विभाग की टीम ने दो आरोपियों रतनपुर निवासी विष्णु धीवर और अरूण धीवर को उनके निवास में छापामार कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में तीन मुख्य आरोपियों के संबंध में जानकारी मिली, जो विभाग की जांच और छानबीन के बाद फरार हो गए हैं।



## मंदिर ट्रस्ट का उपाध्यक्ष भी शामिल

रेंजर देवसिंह ठाकुर ने बताया कि सीसी टीवी फुटेज में देखने के दौरान जानकारी मिली कि 22-23 की रात 12 बजे चौकीदार के गेट खोलने के बाद रतनपुर का नेता आनंद जायसवाल और दो मछुआरे विष्णु धीवर और अरूण धीवर को अंदर जाते हुए देखा गया, जिनके हाथो में बोरियां भी रखी थीं। चौकीदार ने बताया कि उसे गेट खोलने के लिए मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा था। इसके बाद सुबह पौने पांच बजे तीनों बोरियों को लेकर जाते हुए दिखाई दिए। इस दौरान उनसे कछुए से भरी बोरियां वहीं छूट गई थी।

## तीन दिन पहले दिखे थे आरोपी

वन विभाग बिलासपुर अंतर्गत रतनपुर वन परिक्षेत्र के रेंजर देवसिंह ठाकुर ने बताया कि कछुओं की मौत के मामले में पूरी छानबीन के साथ सीसी टीवी फुटेज की जांच भी की गई। इसमें दिखाई दिया कि 25 मार्च की सुबह कुंड में मिले दो दर्जन से अधिक कछुओं को दो से तीन दिन पहले यानि 22 या 23 मार्च की देर रात 12 बजे मंदिर का चौकीदार गेट खोलते हुए और तीन संदिग्ध अंदर जाते हुए दिखाई दिए और सुबह पौने पांच बजे चार-पांच बोरियों को लेकर आरोपी बाहर निकलते दिखाई दिए थे।

## कहा गया मछली पकड़ने गए थे

वन विभाग की टीम ने विष्णु धीवर और अरूण धीवर से पूछताछ की। दोनों ने बताया कि 22-23 की रात को वे आनंद जायसवाल के साथ रतनपुर के महामाया कुंड में मछली पकड़ने के लिए गए हुए थे। इस दौरान उनके लिए महामाया ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सतीश शर्मा के कहने पर ही गेट को खोला गया था। दोनों आरोपी मछली पकड़ने की बात कह रहे हैं, लेकिन मछली के साथ उन्होंने कछुए को भी मारा है। मरे हुए कछुए सुबह कुंड से बाहर निकले तो जानकारी मिलते ही सभी कछुओं को कचरे में फेंकने का आदेश दे दिया गया था।

## की जा रही है तलाश

बिलासपुर वन मंडल के रतनपुर वन परिक्षेत्र के रेंजर देवसिंह ठाकुर ने बताया कि दोनों आरोपियों अरूण धीवर और विष्णु धीवर को पकड़ लिया गया था। दोनों आरोपियों से पूछताछ और सीसी टीवी फुटेज के आधार पर तीन मुख्य आरोपी महामाया ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, नेता आनंद जायसवाल और कर्मचारी गजेन्द्र तिवारी का नाम भी आया है। ये तीनों अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

## लिया जाएगा पुलिस का सहयोग

कछुआ मामले में दो आरोपियों को पकड़ा गया है और तीन फरार हैं। इन दोनों आरोपियों का सोमवार को कोर्ट में चालान पेश कर रिमांड में जेल भेज दिया गया है। तीन आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। इसमें पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर पुलिस का भी सहयोग लिया जाएगा।

- सत्यदेव शर्मा
डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने अवैध कब्जाधारी पर कार्रवाई करने दिया निर्देश



**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने सोमवार को साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में मांग और शिकायतों से संबंधित आवेदन मिले। कलेक्टर ने सभी की समस्याओं को इत्मीनान से सुना और निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवेदन भेजते हुए जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में मस्तूरी विकासखंड के ग्राम पंचायत जुहली के ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केन्द्र में होने वाली समस्याओं के संबंध में कलेक्टर को आवेदन दिया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केन्द्र में बाउन्ड्रीवाल, पानी, साफ-सफाई जैसी समस्याओं की जानकारी दी। कलेक्टर ने आवेदन स्वास्थ्य विभाग को सौंपते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 58 भक्त कर्मा नगर खमतराई के निवासियों ने वार्ड में सड़क निर्माण एवं मरम्मत कराने कलेक्टर को आवेदन सौंपा। इस मामले को नगर निगम आयुक्त देखेंगे। विकासखण्ड तखतपुर के ग्राम दैजा निवासी मनोज कुमार दुबे ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि अवैध कब्जा करने से उन्हें अपने खेतों में आने-जाने में परेशानी हो रही है, क्योंकि वहां तक पहुंच मार्ग बंद कर दिया गया है। इस मामले को एसडीएम तखतपुर देखेंगे। विकासखण्ड मस्तूरी के ग्राम पंचायत पाली के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत की। जरहाभाठा निवासी झरना गिड़वानी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने आवेदन दिया गया।

### गर्मी में पक्षियों को दाना-पानी देने बच्चों ने प्लास्टिक की बोतल से बनाया बर्तन




**बिलासपुर।** भीषण गर्मी में चिड़ियों को राहत देने लिंगियाडीह के शासकीय हाईस्कूल के बच्चों ने चिड़ियों को दाना और पानी देने के लिए खराब हो चुके पानी के बोतल से बर्तन बनाने का अनूठा पहल किया है। इको क्लब प्रभारी व्याख्याता श्रीमती रश्मि गुप्ता ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में लगभग हर घर में पानी की बोतल खरीदी जाती है और उपयोग कर उसे फेंक दिया जाता है। उन बोतलों काटकर स्कूल की छात्राएं दामिनी साहू, वंदना साहू ,गंगा यादव एवं पायल यादव ने चिड़ियों के लिए दाना और पानी रखने की व्यवस्था कर रहे हैं। प्लास्टिक की बोतल हल्के होने के कारण साथ ही इसे आराम से पेड़ पर टांगा जा सकता है। विद्यार्थियों ने यह कला ग्राम वासियों से सीखी हैं। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमति मंजू सिंह ने विद्यार्थियों के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें प्रतिदिन ऐसे पुनीत कार्य करते रहना चाहिए। इस आयोजन में व्याख्याता श्रीमती एचके मिंज, प्रतिभा श्रीवास्तव, प्रीति बावरे , ज्योति दुबे, आशीष लहरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर की जांच रिपोर्ट पेश, कहा गया- महिला को पहले से थी बीमारी

**बिलासपुर।** सिम्स में इंजेक्शन लगाने के बाद गर्भवती महिला के गर्भपात होने के मामले पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। कोर्ट की नोटिस पर कलेक्टर ने जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इसमें कहा गया है कि इंजेक्शन से गर्भपात नहीं हुआ है और महिला को पहले से ही बीमारी थी। कई कॉम्प्लिकेशन थे। सिम्स के डीन ने भी सुविधा कार्यों पर अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की है। इसमें कहा गया है कि अस्पताल के बेहतर संचालन के लिए लगातार प्रयास जारी है। दरअसल, कोटा थाना क्षेत्र के करगीखुर्द निवासी गर्भवती महिला को पेट में दर्द होने की शिकायत पर सिम्स में भर्ती कराया गया था। पेट दर्द का इलाज कराने आई महिला का इंजेक्शन लगाने के बाद पांच माह का गर्भपात हो गया। महिला के पति ने सिम्स में गलत इंजेक्शन लगाए जाने का आरोप लगाया। कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला को दर्द निवारक इंजेक्शन व कुछ दवा देकर सिम्स भेजा गया था। रेफर पर्ची में गंभीर पेट दर्द लिखा गया, इसके बाद उसे सिम्स लाकर भर्ती कराया गया था। सिम्स प्रबंधन ने रक्त स्त्राव होने के कारण गर्भपात होने की बात कही। कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की एक पर्ची भी लगाई गई, जिसमें कोटा में उपचार और रेफरल पर्ची में महिला को दी गई दवा के साथ पेट दर्द व रक्त स्त्राव होने की बात लिखी गई थी। मामले की जांच के लिए सिम्स प्रबंधन ने 4 सदस्यीय टीम गठित की थी। मामले में हाईकोर्ट ने कलेक्टर और सिम्स प्रबंधन से जवाब मांगा था।

### अन्नपूर्णा को मिली अटल विवि से पीएचडी की उपाधि

**बिलासपुर।** अटल बिहारी विश्वविद्यालय से श्रीमती अन्नपूर्णा यादव को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।



उनके शोध का विषय छत्तीसगढ़ के संदर्भ में प्राचीन से वर्तमान तक यदुवंश की प्रासंगिकता (एक ऐतिहासिक अध्ययन) है। इन्होंने अपना शोध कार्य शा. माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती शशि कला सिन्हा के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। वे स्व. शंकर लाल यदु, जो राजनांदगांव में स्पोर्ट्स आफिसर थे तथा स्व. श्रीमती सुशीला देवी यदु की सुपुत्री है। वे डॉ. जयशंकर यादव जो सीवी रमन विश्वविद्यालय में एजुकेशन एवं फिजिकल डिपार्टमेंट के डीन की पत्नी है।

### सायकेयाट्रिक सोशल वर्कर के लिए एमफिल अनिवार्य

**बिलासपुर।** संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बिलासपुर अंतर्गत सायकियेट्रिक सोशल वर्कर पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता मनोरोग सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि के एवं मनोरोग में एम फिल उपाधि होना अनिवार्य किया गया है। पूर्व में जारी विज्ञापन में मनोविज्ञान में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नात्तकोत्तर उपाधि उत्तीर्ण को भी आवेदन के लिए पात्र होने का उल्लेख किया गया था, जिसे अब निरस्त किया गया है। इस प्रकार अब केवल मनोरोग सामाजिक कार्य में स्नात्तकोत्तर उपाधि एवं मनोरोग में एम फिल उपाधि धारी उम्मीदवार ही इस पद के लिए आवेदन कर सकेंगे। संयुक्त संचालक ने बताया कि आवेदन 19 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे। केवल ऑफलाईन मोड में आवेदन लिए जाएंगे। पंजीकृत डाक से अथवा स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त तिथि तक आवेदन जमा करा सकते हैं।

---

रेडियो डायग्नोसिस व रेस्पिरेटरी मेडिसीन की सीट के क्लास शुरू करने की तैयारी

# पीजी सीट के लिए मई में आएगी एनएमसी की टीम, तैयारी में जुटा प्रबंधन

**बिलासपुर।** सिम्स में रेडियो डायग्नोकसिस व रेस्पिरेटरी मेडिसीन की पीजी की नई सीट व 6 विभागों में सीटों की बढ़ोत्तरी के लिए एनएमसी की टीम मई में आ सकती है। इसे लेकर सिम्स प्रबंधन तैयारी में जुट चुका है। खास बात यह है कि डीन डॉ. रमणेश मूर्ति के आने के बाद ही पीजी की सीटों में बढोत्तरी के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि पत्र लिखने के बाद शासन ने इन सीटों में मंजूरी भी मिल चुकी है। एनएमसी की टीम के निरीक्षण के बाद नए सत्र से पीजी की नई सीटों में एडमिशन भी शुरू करने की प्रक्रिया जारी है।



छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) कोर्स के दो नए पाठ्यक्रमों और छह अन्य विभागों में सीटें बढ़नी है। सिम्स में हाल के दिनों में संसाधनों की विस्तार किया जा चुका है। वहीं सीटों की वृद्धि के लिए शासन द्वारा मंजूरी भी मिल चुकी है। खास बात यह है कि सीटों में बढ़ोत्तरी होने के बाद राज्य के मेडिकल छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अक्टूबर में ही मंत्रालय द्वारा मंजूर किए गए नए पाठ्यक्रमों में एमडी रेडियो डायग्नोस्टिक्स और एमडी रेस्पिरेटरी मेडिसीन शामिल किया गया था। कई अन्य विभागों में पीजी सीटों की वृद्धि की मांग के लिए भेजी गई थी, जिससे राज्य सरकार ने स्वीकृति दी है। इसमें एमडी पीडियाट्रिक्स में 2 सीटें, एमएस आब्स्टेट्रिक्स और गाइनेकोलाजी में 4 सीटें, एमडी एनेस्थीसियोलाजी में 5 सीटें, एमएस ओटोरिनोलेरिंगो- लाजी में 2 सीटें और एमडी कम्यूनिटी मेडिसीन में 4 सीटों की वृद्धि को मंजूरी दी गई है। राज्य सरकार ने इसके लिए इर्शेसियेलिटी सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया है।

#### डीन ने लिखा था पत्र

अक्टूबर माह में डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने पदभार ग्रहण करते ही छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) कोर्स के दो नए पाठ्यक्रमों और छह अन्य विभागों में सीटों की वृद्धि के लिए राज्यर सरकार को पत्र लिखा था। इसके साथ ही 56 लाख के शुल्क का भुगतान भी किया गया है। आगामी मई माह में एनएमसी की टीम सिम्स के निरीक्षण के लिए आ सकती है। जिसके लिए इन विभागों में तैयारी की जा रही है। इससे पहले साल 2024 में एनएमसी की टीम के निरीक्षण के दौरान कई खामियां मिली थी, जिसके बाद सिम्स की फजीहत हो चुकी है, ऐसे में इस बार सिम्स प्रबंधन किसी भी प्रकार की कमी नहीं छोड़ना चाह रही है।

#### उच्च शिक्षा की बढ़ेगी गुणवत्ता

राज्य के छात्रों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिलेंगे और उन्हें राज्य के बाहर नहीं जाना पड़ेगा। चिकित्सा में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ेगी और हमें विशेषज्ञ चिकित्सक मिल सकेंगे। राज्य शासन ने हमारे प्रयासों को देखते हुए पहले ही इर्शेसियेलिटी सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया है। अब टीम निरीक्षण सीटों में बढोत्तरी करेंगी।

-डॉ. रमणेश मूर्ति, डीन, सिम्सी

---

आज से सुशासन तिहार: तीन चरणों में आयोजित होगा

# निगम क्षेत्र के 70 वार्डों में लगेंगे शिविर, समाधान पेटी भी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूरे प्रदेश में 8 अप्रैल से सुशासन तिहार 2025 शुरू हो रहा है। जिसके तहत बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी 70 वार्डों में शिविर होंगे। इसके माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। पहले चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 05 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।




■ 8 से 11 अप्रैल तक लिए जाएंगे आवेदन

अधिकारियों के मुताबिक शिविर स्थलों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इन स्थलों पर समाधान पेटी रखी जाएगी, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें निःसंकोच लिखकर उसमें डाल सकें। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की भी पोर्टल में व्यवस्था रहेगी। कॉमन सर्विस सेंटर का भी ऑनलाइन आवेदन लेने हेतु उपयोग किया जा सकता है। प्रत्येक आवेदन को एक कोड देने की जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। बिलासपुर नगरीय निकाय क्षेत्र में सुशासन तिहार 2025 के नोडल ऑफिसर उपायुक्त सचिन गुप्ता को बनाया गया है और सभी जोन कमिश्नर सहायक नोडल ऑफिसर रहेंगे इसके अलावा सभी शिविर के लिए अलग अलग प्रभारी भी बनाए गए है।

#### इन वार्डों में लगेंगे शिविर

**जोन क्रमांक 1**- वार्ड क्रमांक- 1, 2 , 3 ,4 , 13, 14, **जोन क्रमांक 2** वार्ड क्रमांक 5 से 12, जोन क्रमांक 3 वार्ड क्रमांक- 15 से 22 तक **जोन क्रमांक 4**- वार्ड क्रमांक- 23 से 29 तक, **जोन क्रमांक 5** वार्ड क्रमांक 30 से 37 और 40 तक, **जोन क्रमांक 6**-वार्ड क्रमांक- 38, 39, 41 से 46 तक, 69, 70, जोन क्रमांक 7-वार्ड क्रमांक 47 से 59 तक, **जोन क्रमांक 8** वार्ड-60 से 68 तक

### इन गांवों में लगेंगे आज शिविर

राजस्व मामलों के निराकरण के लिए जिले में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पहले चरण के लिए राजस्व शिविरों का सिलसिला शुरू हो गया है। दूसरे दिन 8 अप्रैल को 23 गांवों में शिविर आयोजित किये जाएंगे। कलेक्टर ने पखवाड़ा में प्राप्त समस्त आवेदनों का 30 अप्रैल 2025 तक अनिवार्य रूप से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। शिविर को ग्रामीणों और किसानों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। आज लगाए गए शिविर में तखतपुर तहसील में 52 आवेदन मिले जिनमें से 25 आवेदनों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार बिलासपुर तहसील में 19 आवेदन मिले जिनमें से 14 का निराकरण कर लिया गया है। शिविर में फौती, विवादित-अविवादित नामांतरण, किसान किताब वितरण, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, व्यपवर्तन प्रकरण, जनहानि/पशुहानि प्रकरण, अभिलेख त्रुटि सुधार, नक्शा बटांकन, सीमांकन सहित अन्य राजस्व मामलों से संबंधित आवेदन लिए जा रहे हैं। राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत दूसरे दिन 23 ग्रामों में शिविर लगाए जाएंगे। इनमें बिलासपुर तहसील के चांटीडीह में स्वामी आत्मानंद स्कूल चिंगराजपारा, तालापारा में घोड़ादाना स्कूल, बिजौर के प्राथमिक शाला परसाही, बेलतरा तहसील में ग्राम पंचायत लखराम, ग्राम पंचायत मंजूरपहरी, बिल्हा तहसील में बरतोरी, बोदरी तहसील में रहंगी के ग्राम पंचायत भवन, सारधा के ग्राम पंचायत भवन, मस्तूरी तहसील में भिलाई, गतौरा, सीपत तहसील में कुकदा, कुली, पचपेड़ी तहसील में मानिकचौरी, परसोढी, तखतपुर तहसील के ग्राम पंचायत भवन हरदी, बेलगहना, जूनापारा, रानीडेरा, सकरी तहसील में मुरू, कुरेली, भरारी, कोटा तहसील में परसदा ग्राम पंचायत भवन, रतनपुर तहसील में ग्राम पंचायत भवन भैंसाझार, चपोरा, बेलगहना तहसील में डाडबछाली, सेमरा में शिविर आयोजित होगा।

---

# उप मुख्यमंत्री साव ने कहा-नया वक्फ बोर्ड बिल हर समाज के साथ न्याय करने वाला

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नए वक्फ बोर्ड बिल को क्रांतिकारी परिवर्तन बताते हुए कहा कि लोकसभा व राज्यसभा में चर्चा और पारित होने के बाद राष्ट्रपति ने भी बिल पर हस्ताक्षर कर दिया है, जिसका पूरा देश स्वागत कर रहा है। भारत सरकार के नोटिफिकेशन जारी करते ही यह देश में लागू हो जाएगा।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि संवैधानिक दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार चाहती है, ताकि इन संपत्तियों का दुरुपयोग न हो और उनका सही तरीके से इस्तेमाल हो। संसद के दोनों सदनों में लंबी चर्चा के बाद पारित वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक के संबंध में श्री साव ने कहा कि ट्रांसपेरेंसी और जिम्मेदारी के लिहाज से इस वक्फ संशोधन बिल से वक्फ बोर्डों के कार्यों में अधिक पारदर्शिता और जिम्मेदारी आएगी, जिससे ये बोर्ड वक्फ की संपत्तियों के उचित उपयोग में सक्षम होंगे। उन्होंने धार्मिक-सांस्कृतिक उद्देश्य की चर्चा कर कहा कि भाजपा चाहती है कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग मुस्लिम समाज के फायदे यथा-शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य सामाजिक कल्याण की योजनाओं के लिए होना चाहिए। इस दौरान श्री साव ने पुराने और नए बिल में अंतर पर भी विस्तार से चर्चा की।




#### तीसरे नंबर पर वक्फ बोर्ड के पास सबसे ज्यादा जमीन

श्री साव ने बताया कि देश में रेलवे की कुल जमीन 33 लाख एकड़, सेना (सेना या रक्षा मंत्रालय) की कुल जमीन 17 लाख एकड़ और वक्फ बोर्ड की कुल जमीन 9.4 लाख एकड़ है। वक्फ के पास 1.2 लाख करोड़ रुपए कीमत की संपत्ति है। 8 अगस्त 2024 को वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में पेश किया गया था, इसके बाद इसे जेपीसी में भेज दिया गया था। उन्होंने बताया कि वक्फ सेंट्रल काउंसिल में 22 सदस्यों में 10 सदस्य मुस्लिम समुदाय से होंगे। अधिकतम 4 सदस्य गैर मुस्लिम होंगे तथा तीन सांसद होंगे। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के दो पूर्व जज होंगे और एक एडवोकेट होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि देश के आदिवासियों के हित को देखते हुए शेड्यूल 5 और शेड्यूल 6 में वक्फ प्रॉपर्टी क्रिएट नहीं कर सकते हैं। वक्फ ट्रिब्यूनल में 3 सदस्य होंगे और उनका कार्यकाल 6 साल का होगा। इस दौरान बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, गुलशन ऋषि जिला मीडिया प्रभारी प्रणव शर्मा समदरिया उपस्थित थे।

### प्रदेश में बिलासपुर रहा सबसे गर्म

**बिलासपुर।** गर्मी से लोगों का हाल बेहाल कर रखा है। मौसम विभाग द्वारा गर्मी को लेकर अलर्ट जारी किया गया है, इस दौरान अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री दर्ज किया गया है। तापमान को देखते हुए घर से बाहर निकलने से पहले लोगों को सोचने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि अगले 2 से 3 दिनों में तापमान के बढ़ने के आसार है। जिले सहित प्रदेश में तेज गर्मी पड़ने लगी है। इस दौरान ड्राई हवा चल रही है, जिससे लोगों को झुलसना पड़ रहा है। दिन में 12 बजे के बाद धूप चूभने लगी है। प्रदेश में सबसे गर्म बिलासपुर जिला रहा है, जहां तापमान 41.4 डिग्री दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि जल्द ही पारा 44 डिग्री पर पहुंच सकता है। वहीं इस दौरान द्रोणिका रेखा बिहार और आसपास के क्षेत्र में फैला हुआ है, इसके चलते प्रदेश के दक्षिण क्षेत्रों में आंधी और गरज चमक की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन उत्तर क्षेत्रों में राहत मिलना मुश्किल है। गर्मी के तेवर को देखते हुए मौसम विभाग सर्तकता बरतने की सलाह दे रहा है।

---

समिति के सदस्यों ने वापसी पर किया सभी दर्शनार्थियों का स्वागत

# रामभक्ति से अभिभूत हुआ बिलासपुर, अयोध्या से लौटे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा के बाद 1008 रामभक्तों का जत्था सोमवार को पुलिस मैदान पहुंचा। जहां परिजनों और शहरवासियों ने श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया।

■ रामलला के चरणों पर पहुंचकर श्रद्धालु हुए भाव विभोर

इस यात्रा की शुरुआत बिलासपुर से प्रयागराज में त्रिवेणी संगम स्नान से हुई, जहां श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाई। आयोजन समिति के सदस्य रौशन सिंह ने बताया कि अयोध्या में जब सभी श्रद्धालु श्रीराम जन्मभूमि पहुंचे और प्रभु श्रीरामलला के दर्शन किए, तो वह पल सभी के लिए भावनाओं से भरा हुआ था। कई श्रद्धालुओं ने कहा कि यह जीवन का सबसे पवित्र और अविस्मरणीय अनुभव रहा। श्रीरामलला के चरणों में पहुंचकर उन्होंने जीवन के उद्देश्य, सेवा और सच्ची आस्था का अनुभव किया।



#### श्रद्धालुओं का किया स्वागत

अयोध्या से लौटकर श्रद्धालु बिलासपुर पहुंचे तो शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। कुछ श्रद्धालु प्रभु के नाम का कीर्तन करने लगे, तो कुछ अपने परिजनों से मिलकर भाव-विह्वल हो गए। इस यात्रा ने लोगों को आत्मिक रूप से समृद्ध किया।

#### झा की भूमिका रही अद्वितीय

इस यात्रा को सफल बनाने में संयोजक प्रवीण झा की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। उनकी नेतृत्व क्षमता, सेवा भाव और संकल्पशीलता ने इस यात्रा को ऐतिहासिक बना दिया। भोजन, आवास, सुरक्षा और मार्गदर्शन जैसी व्यवस्थाएं पर श्रद्धालु ने उनका आभार व्यक्त किया। प्रवीण झा की टीम ने जिस समर्पण से हर पहलू का ध्यान रखा, वह अनुकरणीय है।

#### स्वयंसेवकों ने निभाई भूमिका

इस यात्रा में स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। जिनमें राम प्रताप सिंह, त्रिभुवन सिंह, एके कंठ, रिंकू मित्रा, हरिशंकर कुशवाहा, सागर साहू, सनद पटेल, संतोष सिंह, संतोष चौहान, अभिषेक साहू, संजय द्विवेदी, सन्नी गिरी,मुकेश झा, जयदीप घोष, चन्द्रकिशोर प्रसाद, शौलेन्द्र सिंह, शुभम राय, अशोक पाण्डेय, सूरज कौशिक, अजित पंडित, उचित सूद, राकेश राय, वैनकट नायडू, राजीव अग्रवाल, निभा दास, भाग्य लक्ष्मी, निहारिका त्रिपाठी, नितीन श्रीवास्तव, राजकुमार जैसवानी, योगेश बोले, रुपेश कुशवाहा।

---

हेल्थ प्लस

### चिकित्सा के क्षेत्र में किम्स अस्पताल ने बिलासपुर को नई पहचान दिलाई : साव



**बिलासपुर।** चिकित्सा के क्षेत्र में नई-नई पद्धतियां आ रही है। गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज छोटे से सर्जरी से संभव हो रहा है। आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में हमारा बिलासपुर आगे बढ़ रहा है, जिसमें सबसे बड़ा योगदान किम्स अस्पताल का है। चिकित्सा के क्षेत्र में किम्स अस्पताल ने बिलासपुर को नई पहचान दिलाई है। उक्त बातें छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रोबोटिक सर्जरी यूनिट के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी में कही।

इस अवसर पर किम्स अस्पताल के डायरेक्टर व न्यूरोसर्जन डॉ.वाय. रवि शेखर व चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती वाय. कमला ने अतिथियों का स्वागत मोमेंटो देकर किया। श्री साव ने कहा कि किम्स अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी यूनिट स्थापित होने से लोगों को बाहर जाकर इलाज कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि किम्स अस्पताल अपने प्रारंभ से ही लोगों को बेहतर इलाज मुहैया करा रहा है। इससे पूर्व दूरबीन पद्धति से इलाज करने की शुरूआत किम्स से ही हुई थी। उन्होंने कहा कि अनियमित खान-पान और पर्यावरण के कारण लोगों को बीमार होना कॉमन होता जा रहा है, लेकिन यह खुशी की बात है कि हम विज्ञान के साथ चल रहे हैं, जिससे लोगों को बेहतर इलाज हो पा रहा है। अतिथियों ने रोबोटिक सर्जरी यूनिट का निरीक्षण कर डॉक्टरों की टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर विशिष्ट अतिथि के रूप में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, धरमलाल कौशिक, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महापौर पूजा विधानी, पूर्व महापौर किशोर राय, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश सहित बड़ी संख्या में डॉक्टर उपस्थित थे।

■ रोबोटिक सर्जरी यूनिट का हुआ शुभारंभ

### सूरत स्टेशन पर विकास कार्य के चलते ट्रेनों का परिचालन होगा प्रभावित

**बिलासपुर।** पश्चिम रेल मुंबई मंडल के सूरत स्टेशन पर विकास कार्य के कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने और रवाना होने वाली सूरत स्टेशन के स्थान पर उधना स्टेशन पर रोकने के साथ वहीं से वापस रवाना की जाएगी।

जानकारी के अनुसार पश्चिम रेलवे मुंबई मंडल के सूरत स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत विकास कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के दौरान कुछ ट्रेनों का स्टापेज, प्रारंभ और समाप्ति स्टेशन में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। इसके अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली ट्रेनों का स्टेशन व प्रारंभ, समाप्ति अब सूरत स्टेशन के स्थान पर उधना स्टेशन पर किया जाएगा। इन ट्रेनों में 3 अप्रैल से आगामी आदेश तक अहमदाबाद से चलने वाली 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस सूरत के स्थान पर उधना स्टेशन पर ठहरेगी। इस गाड़ी का उधना स्टेशन पर आगमन 4.35 पर होगा और ट्रेन 4.40 बजे रवाना कर दी जाएगी। इसी तरह 3 अप्रैल से आगामी आदेश तक 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस सूरत के स्थान पर उधना स्टेशन 21.25 बजे पहुंचकर 21.35 बजे रवाना होगी। 6 अप्रैल से आगामी आदेश तक 22905 ओखा-शालीमार एक्सप्रेस सूरत के स्थान पर उधना स्टेशन में 21.25 बजे से 21.30 बजे तक, 4 अप्रैल से आगामी आदेश तक 12949 पोरबंदर-संतरागाछी एक्सप्रेस सूरत स्टेशन के स्थान पर उधना स्टेशन में 21.25 से 21.30 बजे तक, 4 अप्रैल से आगामी आदेश तक 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस सूरत के स्थान पर उधना स्टेशन में 1.50 से 1.55 बजे तक, 8 अप्रैल से आगामी आदेश तक 22906 शालीमार-ओखा एक्सप्रेस सूरत के स्थान पर उधना स्टेशन में 1.50 बजे से 1.55 बजे तक, 6 अप्रैल से आगामी आदेश तक सांतरागाछी से चलने वाली 12950 सांतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस सूरत के स्थान पर उधना स्टेशन में 3.30 बजे से 3.35 बजे तक और 3 अप्रैल से आगामी आदेश तक हावड़ा से चलने वाली 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस सूरत स्टेशन के स्थान पर उधना स्टेशन में 7.39 बजे से 7.45 बजे तक रोकी जाएगी। इसके अलावा 7 अप्रैल से आगामी आदेश तक 13426 सूरत-मालदा टाउन साप्ताहिक एक्सप्रेस सूरत स्टेशन के बदले उधना स्टेशन से रवाना होगी और 5 अप्रैल से आगामी आदेश तक मालदा टाउन से चलने वाली 13425 मालदा टाउन-सूरत साप्ताहिक एक्सप्रेस उधना स्टेशन में समाप्त होगी।



■ उधना स्टेशन पर रोकी जाएगी ट्रेनें



हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

शिविर

## यूनिटी हॉस्पिटल में मनाया गया अंधत्व निवारण सप्ताह



**बिलासपुर।** यूनिटी हॉस्पिटल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मानसी क्षेत्रपाल द्वारा अंधत्व निवारण सप्ताह के अंतर्गत शहर की विभिन्न संस्थाओं में नेत्र स्वास्थ जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। डॉ. मानसी ने बताया कि नेशनल सोसाइटी फॉर



प्रिवेंशन ऑफ़ ब्लाइंडनेस के सहयोग से भारत में अंधेपन की रोकथाम सप्ताह की स्थापना की। इस पहल का उद्देश्य लोगों को टाले जा सकने वाले अन्धेपन के बारे में शिक्षित करना और सक्रिय नेत्र देखभाल उपायों को प्रोत्साहित करना है। डॉ. मानसी एवं उनके सहयोगियों द्वारा सेवा भारती मातृछाया संस्था, कुदुदंड, बिलासपुर में छह साल से छोटे बालक बालिकाओ का नेत्र परीक्षण किया गया और संस्था की अधीक्षिका नारायणी यादव एवं अन्य सदस्यों को बच्चों की आंखों की देखभाल हेतु उचित परामर्श दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं की नेत्र का परीक्षण कर उन्हें आवश्यकता अनुसार चश्मे के नंबर एवं आई ड्रॉप्स प्रदान किया तथा उन्हें पोष्टिक आहार एवं गर्मी के मौसम में उचित मात्रा में पानी पीने की सलाह दी।



### क्विज में भाग लिया सिम्स के स्टूडेंट ने

राष्ट्रीय क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन इंडियन एसोसिऐशन ऑफ प्रिवेन्टिव एण्ड सोशल मेडिसीन के तत्वाधान में सिम्स के कम्युनिटी मेडिसीन विभाग द्वारा किया गया। देश में कुल 461 मेडिकल कॉलेज से लगभग 20 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया है।

धर्म-क्षेत्र

## जस गीत मंडली के साथ धूमधाम से किया जवारा विसर्जन



**बिलासपुर।** मां सतबहनियां दाई मंदिर कुदुदण्ड चांदनी चौक में स्थित मां सतबहनियां मंदिर में चैत्र नवरात्रि धूमधाम से मनाया गया। रामनवमीं पावन पर्व पर मंदिर में सुबह से मंदिर में मां के दर्शन के लिए भक्तों का हुजुम था, शाम को ज्वारा विसर्जन का कार्यक्रम किया। जस गीतों के साथ मंदिर प्रांगण से सुबह का पूजा-अर्चना कर ज्वारा विसर्जन समिति और मोहल्ले वालों के सहयोग से धूमधाम से जस गीतों के साथ जवारा निकाला। मंदिर से निकलकर कुदुदण्ड चांदनी चौक, शिव मंदिर होते हुए सेफर स्कूल तक लोग बहुत उत्साहित नजर आए। पूरा कुदुदण्ड भक्तिमय वातावरण में डूबा था। जसगीतों से लोग झूठ उठे, जवारा विर्सजन शेफर्ड स्कूल से महामाया तालाब सकरी के लिए निकले। महामाया तालाब सकरी में जवारा विर्सजन किया गया। समिति के सदस्यों में जमुना सोनी, सुशीला सोनी, सरिता वासिंग, सहोदया सोनी, किशोरी वासिंग, सुभ्रा वासिंग, श्यामा उपाध्याय, इंद्राणी गहलोत, आशा दुबे, रिता वासिंग, गंगोत्री निर्मलकर थे।

### श्री हनुमान महापाठ में जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजय शंकर मेहता ने कहा





# चुनौती, परेशानी आने पर संतुलन बनाने राम के जीवन से लें सीख

सभी के जीवन में एक मोड़ और पड़ाव आता है। सब कुछ अच्छा चलता रहता है और अचानक यू-टर्न ले लेता है। यह धैर्यवान होने की परीक्षा है। राम के जीवन में भी मोड़ व पड़ाव आए। राम के जीवन से सीख लेनी चाहिए कि जीवन में चुनौती, परेशानी आए तो संतुलन कैसे बनाएं। भक्तों को कभी निराश नहीं होना चाहिए।

**बिलासपुर।** उक्त बातें प्रख्यात जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजय शंकर मेहता ने श्री हनुमान महापाठ समिति द्वारा देवकीनंदन कन्या शाला प्रांगण में आयोजित श्री हनुमान महापाठ कार्यक्रम में रामजी के तीन जीवन व सात टर्निंग प्वाईंट विषय पर कही। उन्होंने बताया कि आने वाले 20 साल में जीवन बहुत तेजी से बदलने वाला है। स्थायित्व किसी के जीवन में नहीं होगा। सब कुछ जल्दी-जल्दी बदलते जाएगा। कई लोग इस तरह के आयोजनों को गंभीरता से लेते हैं और उससे सीख लेकर अपने जीवन में उतारते हैं। इंसान के तीन तरह के जीवन हैं। इसमें व्यावसायिक, पारिवारिक व निजी जीवन शामिल है। तनाव से निपटने निजी जिंदगी को ठीक करना होगा। राम कथा में सात काण्ड है। इसके 1-1 काण्ड में राम के जीवन में टर्निंग प्वाइंट है। अयोध्या कांड में भगवान राम को थोड़ी देर में राजा बनना था और अचानक उन्हें वनवास जाना पड़ा। अरण्य कांड में भगवान राम जंगल चले गए और माता सीता का अपहरण हो गया। सुंदर काण्ड में रावण के भाई विभीषण रामजी की शरण में आ गए। इससे सारा दृश्य बदल गया। लंका काण्ड का टर्निंग प्वाईट मेघनाथ के बाण से लक्ष्मण का मूर्छित होना था। उत्तर काण्ड में भगवान देवलोक गमन करते हैं तो फिर टर्निंग प्वाइंट आ जाता है। हर घटना के पीछे एक मैसेज चल रहा होता है। वहीं इन सारी घटनाओं से भगवान राम यही सिखाते हैं कि जीवन संतुलन का नाम है। इंसान कभी भी संतुलित नहीं रह सकता है। यह इंसान का स्वभाव है।

### युवाओं में भविष्य को लेकर है भारी दबाव

पं. मेहता ने बाल काण्ड का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में बच्चे अपने भविष्य को लेकर काफी दबाव में हैं। दबाव इतना कि कुछ तो आत्महत्या कर रहे हैं। संतान के मामले में हमेशा सावधान रहें। बच्चों को गुरु को सौंप देना चाहिए। गुरु नहीं है तो अंजनी पुत्र हनुमान को गुरु बनाएं। गुरु के रूप में हनुमानजी के होने से जीवन आसान हो जाएगा। आज पालक बच्चों को मैदानी कोच के रूप में पाल रहे हैं। सुबह से शाम तक बच्चों को कुछ न कुछ सिखाने में लगे रहते हैं पर ऐसा नहीं कर अपने बच्चों की प्रतिभा व रूचि देखें और उसके हिसाब से उसे परवरिश दें। जिनका बाल काण्ड मजबूत होगा उनके पूरे जीवन की कथा अच्छी चलेगी।

### जीवन में सीखें व्यवहार

पं. मेहता ने कहा कि विद्या के दो भाग सैद्धांतिक व व्यवहारिक हैं। जीवन में सिद्धांत के साथ ही व्यवहार भी सीखना होता है। विश्वामित्र ने राजा दशरथ से मिलकर राम-लक्ष्मण को भेजकर यज्ञ में बाधा उत्पन्न करने वाले राक्षसों को मारने की बात कही तो पहले तो राजा दशरथ पसीना-पसीना हो गए कि अभी उनके बालक छोटे हैं। बाद में यज्ञ की रक्षा करने राम-लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ निकले एवं सारी वस्तुस्थिति से अवगत होने पर भगवान राम ने राक्षसों को समाप्त करने की प्रतिज्ञा ली। जीवन में गुरु का होना बहुत जरूरी है। गुरु आत्मा को तुष्ट करना सिखाता है। विश्वामित्र ने जो कहा उसे भगवान राम ने स्वीकार किया। राम ने अस्त्र-शस्त्र स्वीकार किया पर राम की ही चली।



### सत्संग से होती है मन की धुलाई

पं. मेहता ने कहा कि कभी भी कुसंग न करें। कुसंग बहुत खतरनाक होता है और यह मन का दिवालियापन भी है। सत्संग से मन की धुलाई हो जाती है। कैकेई ने कुसंग किया। भगवान राम को अपनी गोद में कैकेई ने बड़ा किया था पर उनके कुसंग के चलते राम को वनवास जाना पड़ा। मंथरा जैसे लोग अपना घर और दूसरे का भी घर फोड़ते हैं।

**सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ**

कार्यक्रम के आरंभ में पं. मेहता के स्वागत बाद सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पूरे कार्यक्रम स्थल को भगवा रंग से सजाया गया था। इससे पूरा माहौल हनुमानमय बना रहा।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर डिप्टी सीएम अरुण श्रीमती मीना साव, विधायक अमर अग्रवाल, शशि अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, लखन लाल साहू, श्री हनुमान चालीसा महापाठ समिति के संयोजक मनोज भण्डारी, सुनील खण्डेलवाल, संजय रजक, संजय बुधिया, नारायण आवटी, सुभाष अग्रवाल, राम किशोर अग्रवाल, महेश सुल्तानिया, अनंत बाजपेयी, सुरेश जाजोदिया, प्रवीण झा, ललित पुजारा, शेखर मुदलियार, सुधीर शर्मा, मनीष अग्रवाल सहित भारी संख्या में हनुमान भक्त उपस्थित थे।

# पीएम मोदी ने शहर की बेटी मोहिनी को स्कैच बनाने पर पत्र लिखकर दी बधाई

### प्रधानमंत्री ने कला को निखारने कहा



**बिलासपुर।** जिले के मोहभट्ठा ग्राम में आयोजित आमसभा और लोकार्पण-शिलान्यास समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के दौरान उनकी नजर शहर की बेटी पेंटिंग बनाने की शौकीन मोहिनी द्वारा लाए स्कैच पर गई थी, इस स्कैच ने पीएम नरेन्द्र मोदी को अत्यधिक प्रभावित किया, यही वजह है की उन्होंने पत्र लिखकर उनकी प्रशंसा की और इस कला को और भी निखारने कहा है।

कोनी में रहने वाली मोहिनी श्रीरामवर जीजीयू में बीएड की छात्रा हैं, वे एक प्राईवेट स्कूल में टीचर भी हैं, उन्होंने बताया कि वे पेंटिंग बनाने की शौकीन हैं, वे खाली समय का उपयोग पेंटिंग बनाकर करती हैं। पीएम मोदी के स्कैच पर इन्होंने बताया कि वे श्री मोदी की बहुत बड़ी फैन हैं, वे बिलासपुर आ रहे हैं, इसकी जानकारी मिलते ही उसी दिन से पीएम मोदी का स्कैच बनाने की तैयारी में जुट गई थी, धीरे-धीरे उनका स्कैच तैयार किया। आमसभा के दिन वे सुबह से ही घर से निकल गई थीं, बड़ी मशक्कत कर भीड़ में धक्के खाते हुए, वे किसी तरह सभास्थल पहुंचीं, वे घंटों पीएम मोदी का स्कैच लेकर खड़ी रहीं। पीएम मोदी की संवेदनशीलता की वजह से उनकी नजर मुझ पर पड़ी और उन्होंने कला को सराहा। पीएम ने आमसभा के बीच मंच से ही उनके द्वारा बनाकर लाए स्कैच की प्रशंसा की। यह पल मेरे जीवन का सबसे गौरवान्वित क्षण था। पीएम मोदी ने पत्र लिखकर उनकी कला की प्रशंसा की है और इसे अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय का पत्र उन्हें सोमवार को प्राप्त हुआ है। हरिभूमि कार्यालय पहुंचकर उन्होंने उस पत्र की जानकारी दी। मोहिनी के पिता राजेश श्रीरामवर प्राइवेट जॉब करते हैं, उनकी माता आरती श्रीरामवर गृहिणी हैं।



**आमसभा के बीच किया था वादा :** जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंच से जनसभा को संबोधित कर रहे थे, तभी उनकी नजर एक बालिका पर पड़ी, जो उनकी पेंटिंग हाथ में उठाकर काफी देर से खड़ी थी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उसकी भावना को समझा और मंच से ही उन्होंने कहा "वहाँ एक बेटी पेंटिंग बनाकर लाई हैं, बेचारी कब से हाथ ऊपर रखे खड़ी हैं। मैं जरा सिक्योरिटी वालों से कहूंगा। उस बेटी की पेंटिंग के पीछे नाम-पता लिख देना, मैं आपको चिट्ठी भेजूंगा। जरा इस पेंटिंग को कोई कलेक्ट करके मुझ तक पहुंचा दे। बहुत-बहुत धन्यवाद बेटा, बहुत धन्यवाद। प्रधानमंत्री की इस आत्मीयता भरी पहल से वहां मौजूद जनता की तालियों की गड़गड़ाहट से सभास्थल गूंज उठा। यह घटना प्रधानमंत्री मोदी की सरलता और संवेदनशील स्वभाव को दर्शाती है।



## सीएमडी कॉलेज में स्वास्थ्य दिवस मनाया

**बिलासपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सी एम दुबे स्नाकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शासी.निकाय के अध्यक्ष डॉ.संजय दुबे ने कहा कि आज स्वास्थ्य दिवस है, महाविद्यालय स्वास्थ्य के प्रति जागरुक है। मैं महाविद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी एवं शिक्षकों को कहना चाहता हूं कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें, प्रत्येक 6 महीने में अथवा साल में अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराते रहे। व्यायाम योगासन के ऊपर अवश्य ध्यान देना चाहिए इससे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है जिससे स्वास्थ्य और दीर्घायु होते हैं। महाविद्यालय में पूर्व से डॉक्टरों के माध्यम से हेल्थ चेकअप कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है और भविष्य में भी आगे भी आयोजित किया जाता रहेगा। हमें फाइबर के रूप में साबुत अनाज का सेवन किया जाना चाहिए, जिससे पाचन क्रिया आसानी होती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय सिंह ने कहा कि मानव जाति को कम से कम 20 मिनट अपने स्वास्थ्य के लिए व्यायाम किया जाना अति आवश्यक है, जिसके कारण मेटाबॉलिज्म सक्रिय रूप से शरीर में कार्य करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय सिंह,डॉ राजकुमार पंडा, नरेन्द्र टंडन आरती गुप्ता,उमेश कैवर्त, चित्रा यादव व बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अभा रेल क्रिकेट में एसईसीआर उपविजेता

स्पोर्ट्स न्यूज

भुवनेश्वर खुर्दा रोड में आयोजित अखिल भारतीय रेलवे क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन की टीम ने उपविजेता का खिताब प्राप्त किया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भ68वीं अखिल भारतीय रेल क्रिकेट प्रतियोगिता दो चरणो में आयोजित की गई। पहला चरण भुवनेश्वर खुर्दा रोड में और नॉकआउट मुकाबले दक्षिण पश्चिम रेलवे के मुख्यालय हुबली में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में लीग पद्धति से टी 20 सीमित ओवर के मैच खेले गए, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नॉक आउट चरण में प्रवेश किया। नॉक आउट मुकाबले में टीम ने सेंट्रल रेलवे एवं दक्षिण पश्चिम रेलवे की टीम को हराते हुए फाइनल में स्थान सुनश्चित किया। फाइनल मुकाबले में नादर्न रेलवे के खिलाफ शानदार खेल का प्रदर्शन करने के बाद भी टीम विजेता बनने से चूक गई और उपविजेता की ट्राफी को अपने नाम किया। इससे पहले वर्ष 2023-24 में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया था। उपविजेता बनने के बाद शहर वापस लौटी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के खिलाड़ियों ने सोमवार को जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश से मुलाकात की। जीएम तरूण प्रकाश ने टीम के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर टीम के सभी खिलाड़ी, प्रशिक्षक, महासचिव, सचिव एवं स्पोर्टस सेल के कर्मचारी मौजूद थे।

# डीपीएल का खिताब कोरबा की टीम ने जीता, बांटे पुरस्कार

डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग सीजन 3 रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच बिलासपुर पुलिस तथा कोरबा पुलिस के बीच खेला गया। आयोजन सचिव अख्तर खान ने बताया कि समापन अवसर पर रोमांचक मुकाबले में बिलासपुर पुलिस ने डीपीएल ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम कोरबा पुलिस को आयोजन समिति की और से डीपीएल ट्रॉफी के साथ ही 7 लाख का नगद पुरस्कार दिया गया। उपविजेता टीम बिलासपुर पुलिस को ट्राफी के साथ ही 31 हजार रूपये का पुरस्कार दिया गया। समापन समारोह के अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव,प्रिंस भाटिया, पलक जायसवाल, ने विजेता तथा विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया। पूरी प्रतियोगिता में शानदार बॉलिंग तथा बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी मेन आफ द सिरीज़ का पुरस्कार विक्की बघेल लोरमी एजुकेशन को दिया गया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कोरबा पुलिस के कवि महंत को दिया गया। टीम एवं 18 खिलाड़ियों को आयोजन समिति की ओर से 2 लाख के पुरस्कार दिए गए। आज फाइनल मैच में मल्टीपरपज मिनी स्टेडियम खेल मैदान में शानदार आतिशबाजी की गई और अतिथियों एवं खिलाड़ियों का



आकर्षक आतिशबाजी के साथ खिलाड़ियों तथा अतिथियों का सम्मान

स्वागत किया गया। आसमानी आतिशबाजी ने लोगों का मन मोह लिया। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुलपति अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर कुलपति के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने डिपार्टमेंट प्रीमियर लीग सीजन -3 के आयोजन की तारीफ करते हुए कहा है कि प्रदेश के सभी विभागों के शासकीय विभाग के कर्मचारियों के लिए यह बहुत बड़ा आयोजन है। उन्होंने 10 दिन तक चलने वाले इस क्रिकेट प्रतियोगिता की तारीफ करते हुए आयोजन समिति के शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ बिलासपुर के सदस्यों को बधाई दी। फाइनल मैच में अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तरुण धर दीवान, शिक्षा विभाग के पी दाशरथी,अखिलेश मेहता, संदीप द्विवेदी, उपस्थित थे। आयोजन समिति के सुशील मिश्रा, देव रुद्राकार, योगेश पांडे, विवेक दुबे, प्रदीप पांडे, आसिफ अली, अमित यादव, अमित तिवारी, महेश शर्मा, साजिद खान, अमित मिश्रा बधाई दी गई।




# 'तन्वी द ग्रेट' का फर्स्ट लुक जारी नहीं दिखा एक्ट्रेस का चेहरा...

मुंबई। 7 अप्रैल को अनुपम खेर ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' का पहला लुक जारी कर दिया है, लेकिन अफसोस की इसके पहले लुक में अभिनेत्री का चेहरा नहीं दिखाया गया है। लेकिन, क्या आपको पता है कि इस फिल्म को बनाने का फैसला अनुपम ने चार पहले ही ले लिया था। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' का पहला लुक जारी किया और लिखा, 'मैंने तन्वी द ग्रेट फिल्म बनाने का फैसला आज से लगभग चार साल पहले लिया था और फिर चार साल लगे इसे लिखकर बनाने में। अब मेरे इस 'दिल के टुकड़े' को आप सबके साथ शेयर करने का वक्त आ गया है। पर धीरे धीरे।



लाइफ Style

# अनुष्का

## कोरियन डांसर के साथ किया एनर्जेटिक डांस

बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का सेन ने सोशल मीडिया पर अपना बेहतरीन डांस वीडियो शेयर किया है। यूजर इसे काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री अनुष्का सेन ने छोटी उम्र में ही काफी नाम कमाया है। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह यहां अपनी खूबसूरत तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनुष्का की फोटोज और वीडियो का उनके फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। हाल ही में अनुष्का सेन ने सोशल मीडिया पर अपना बेहतरीन डांस वीडियो शेयर किया है। यूजर इसे काफी पसंद कर रहे हैं। अनुष्का सेन ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें वह वन पीस में एनर्जेटिक डांस कर रही हैं। डांस करते हुए अनुष्का काफी खुश हैं। वह चेहरे से बेहतरीन एक्सप्रेशन दे रही हैं। अनुष्का सेन साउथ कोरियन डांसर लीआ किम के साथ डांस कर रही हैं। अनुष्का ने उनका शुक्रिया अदा किया है। अनुष्का सेन के नए डांस वीडियो को उनके फैंस लाइक कर रहे हैं और इस पर बेहतरीन कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है अनुष्का में बहुत ऊर्जा है। एक और यूजर ने लिखा है 'आपके मूव्स अच्छे हैं।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'आपके बाल काफी अच्छे लग रहे हैं।' वीडियो पर एक घंटे में एक मिलियन व्यूव्ज आ चुके हैं। आपको बता दें कि अनुष्का सेन 22 साल की एक्ट्रेस हैं। उन्होंने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की। सबसे पहले अनुष्का सेन साल 2009 में 'यहां मैं घर घर खेली' सीरियल में नजर आई थीं। साल 2012 में वह 'बालवीर' सीरियल से मशहूर हो गईं।

हॉलीवुड मसाला



# एक्शन फिल्मों से मचाया धमाल

लॉस एंजिल्स। जैकी चैन सिनेमा जगत का एक ऐसा नाम है, जो किसी पहचान का मोहताज नहीं है। हॉन्ग कॉन्ग के प्रसिद्ध अभिनेता जैकी चैन अपने एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर हैं। आज अभिनेता अपना 71वां जन्मदिन मना रहे हैं। चैन के जन्मदिन पर जानेंगे उनके बॉलीवुड कनेक्शन के बारे में। इन भारतीय अभिनेत्रियों के साथ जमाई जोड़ी। हॉन्ग कॉन्ग में जन्में इस शख्स ने अभिनय की दुनिया में अपना जादू बिखरने का काम किया। फिल्मों में सिर्फ एक्शन ही नहीं, बल्कि शानदार कॉमेडी से जैकी चैन ने लोगों में दिलों में शानदार जगह बनाई।




# ट्रेंड कर रहा है ट्रॉन : एरेस का ट्रेलर...

लॉस एंजिल्स। हाल ही में फिल्म ट्रॉनः एरेस का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इस हॉलीवुड फिल्म का दर्शकों को लंबे वक्त से इंतजार रहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में इतना उत्साह है कि इसके ट्रेलर पर दो दिन में ही लाखों में व्यूज आ चुके हैं। यह फिल्म 10 अक्टूबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। डिज्नी की फिल्म ट्रॉनः एरेस का ट्रेलर सोशल मीडिया खासकर यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है। इस फिल्म को दो दिन में लगभग आठ लाख व्यूज मिले हैं। 17 हजार कमेंट्स भी आए हैं। दर्शकों ने कमेंट सेक्शन में फिल्म को लेकर काफी उत्साह दिखाया है। फिल्म ट्रॉनः एरेस का ट्रेलर देखकर, इसके वीएफएक्स को देखकर दर्शक काफी प्रभावित नजर आए।



# मैं मतलब के लिए दोस्त नहीं बनाती

मुंबई। बॉलीवुड में इन दिनों एक नई फ्रेंडशिप के काफी चर्चे हो रहे हैं। हालांकि, कई लोगों को ये दोस्ती थोड़ी अजीब भी लग रही है। ये नई जोड़ी है अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की। इन दोनों ही एक्ट्रेस की दोस्ती पिछले कुछ दिनों से लगातार चर्चा में बनी हुई है। तमन्ना ने राशा के साथ अपनी दोस्ती की शुरुआत कहां से हुई और कब दोनों पहली बार मिले, इसको लेकर बात की। तमन्ना ने कहा, 'मैं और राशा एक पार्टी में पहली बार मिले। इसके बाद हम दोनों साथ में डांस करने लगे। उसके बाद हम एक-दूसरे के संपर्क में आ गए। हम दोनों के बीच उम्र का पर्याप्त फासला है, लेकिन ये मायने नहीं रखता। मैं किसी भी तरह के लाभ या मतलब के लिए किसी से दोस्ती नहीं करती हूं। यही होना भी चाहिए।'




# शाहरुख की 'किंग' में हुई दीपिका की एंट्री

मुंबई। 'किंग' शाहरुख और दीपिका की छठी फिल्म होगी। 'पठान' व 'जवान' के बाद यह लगातार तीसरी फिल्म होगी जिसमें दोनों सितारे साथ नजर आएंगे। हर फिल्म में फैंस को उनकी केमिस्ट्री काफी पसंद आती है। 'किंग' में यह जोड़ी एक बार फिर से लोगों पर अपना जादू चलाने की पूरी कोशिश करेगी। खबरें हैं कि अगले साल ये दोनों 'पठान 2' में भी साथ आएंगे। फिल्म 'किंग' की पूरी कहानी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन यह एक बदले की भावना से भरी एक्शन थ्रिलर हो सकती है। यह 2000 की फिल्म 'बिच्छू' और फ्रेंच फिल्म 'लियोनः द प्रोफेशनल' से प्रेरित हो सकती है। इसमें शाहरुख एक खतरनाक हत्यारे की भूमिका में नजर आ सकते हैं। सुहाना की यह दूसरी फिल्म है। इससे पहले वह 'द आर्चीज' में नजर आ चुकी हैं।

## एक दिलचस्प जरिया है ओटीटीः सनी

सनी ने यह भी बताया कि ओटीटी अभिनेताओं और निर्देशकों के लिए एक दिलचस्प जरिया है, क्योंकि इससे डाइवर्सिटी मिलती है। सनी ने कहा कि उनकी फिल्में ओटीटी पर आने से आज की जनरेशन के लिए भी रिलेवेंसी बढ़ गई हैं।

## मानसी ने इंडियन आइडल 15 का खिताब किया अपने नाम

नई दिल्ली। सुभाजीत चक्रवर्ती और स्नेहा शंकर को हराकर कोलकाता की 24 साल की मानसी घोष ने रविवार को इंडियन आइडल 15 का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने इंडियन आइडल 15 की ट्रॉफी के साथ 25 लाख रुपए जीते।



इसके साथ ही उन्हें एक लग्जरी कार भी मिली। सोनी टीवी ने एक्स पर मानसी की तस्वीर डाली और लिखा, 'कई हफ्तों के संगीत और जादू के बाद, मानसी ने न सिर्फ खिताब जीता, बल्कि लाखों दिल भी जीत लिए।' मानसी ने अपनी मां को अपनी संगीत का श्रेय दिया। उन्होंने बताया कि फिनाले में उनका परिवार रो रहा था और खुशी मना रहा था। मानसी ने कहा, 'मेरा परिवार यहां था। वे रो रहे थे और चीयर कर रहे थे। पहले तो मुझे समझ नहीं आया कि क्या करूं, लेकिन अब हम सब बहुत खुश हैं। यह एक बड़ा मंच है, इसलिए मुझे हर जगह से प्यार और आशीर्वाद मिला। उन्होंने बताया कि वह जीती हुई राशि का इस्तेमाल अपने म्यूजिक और कार के लिए करना चाहती हैं।

# इस स्टार के जूतों की वजह से हिट होती थी फिल्में!

## क्या था जूतों के रंग और बॉक्स ऑफिस कमाई का ये कनेक्शन

नई दिल्ली। बॉलीवुड में अलग-अलग सुपरस्टार्स अपने तरह-तरह के स्टाइल्स के लिए फेमस रहे हैं। हिन्दी सिनेमा के इतिहास में इन स्टाइल्स के साथ सुपरस्टार्स सिनेमाघरों में तहलका मचाने में कामयाब रहे हैं। किसी एक्ट्रेस का हेयरस्टाइल उनके नाम से मशहूर रहा, कोई हीरो मफलर तो कोई किसी खास कलर के कपड़ों की वजह से चर्चा में रहा और आज तक याद किया जाता है। बहुत से सुपरस्टार्स ऐसे भी हैं जो यह मानते हैं की इन स्टाइल्स को अपनाने के बाद उनके बॉक्स ऑफिस कलेक्शनस ने आसमान छुआ और उन्होंने अपने कारियर में लंबी छलांग मारी। आइए जानते हैं ऐसे ही एक सुपस्टार के इस स्टाइल के बारे में जो इत्तिफाक से उनका लकी चार्म बन गया।

### फ्लॉप हो रही थीं फिल्में

कहा जाता है कि इससे पहले जितेंद्र को काम के मामले में काफी संघर्ष करना पड़ रहा था और अगर काम मिल भी रहा था उनकी फिल्में फ्लॉप हो रही थीं। फिल्म फर्ज के बाद जितेंद्र ने इस चीज को नोटिस किया कि सफेद रंग उनके लिए लकी साबित हुआ। इसके बाद वो अपनी अमूमन सभी फिल्मों में सफेद शर्ट, ट्राउजर और सफेद जूते पहने नजर आने लगे। यह एक इत्तेफाक उनके लिए ना केवल भाग्यशाली रहा, बल्कि उनकी यूएसपी बन गया। जितेंद्र का सफेद के साथ एक ऐसा कनेक्शन बैठा कि कुछ प्रोड्यूसर्स को यह अंधविश्वास लगने लगा कि अगर जीतेंद्र सफेद जूते पहनेंगे, तो फिल्म हिट होगी।

**कार्यालय प.ह.नं. 54, रा.नि.मं. पेण्डारी, तह. सकरी, जिला बिलासपुर**

**सीमांकन/ स्थल निरीक्षण सूचना**

दिनांक 04.03.2025

प्रति, सर्वश्री/ श्रीमती 1. कुमार अभिषेक/ अजय कुमार साहा आवदेक 2. संतोष पटेल/ उमेन्द राम पटेल 3. मुनीराम/ झाडू राम 4. चप्पु लाल / कोदा 5. राम कुमार पटेल/ बहोरिक राम 6. उत्तरा पटेल / लतेल पटेल 7. राष्ट्रीय राज्य मार्ग (NH) बिलासपुर

विषय :-सीमांकन/स्थल निरीक्षण में उपस्थित रहने बावत।

संदर्भ :-न्यायलय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार सकरी के ज्ञापन दिनांक 04.03.2025

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम तुरकाडीह प.ह.न. 54 रा.नि.म. पेण्डारी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 243, 245/1 रकबा 0.040, 0.068 हे. एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी कुमार अभिषेक पिता/ पति अजय कुमार साहा के द्वारा सीमांकन/ स्थल निरीक्षण का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/ स्थल निरीक्षण दिनांक 16/04/2025 को लगभग 11:00 से 5:00 बजे तक किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। अत: सूचना जाने।

टीप :-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल निरीक्षण / बंटाकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**प.ह.नं. 54**
**रा.नि.मं. पेण्डारी, तह. सकरी**

**कार्यालय प.ह.नं. 54, रा.नि.मं. पेण्डारी, तह. सकरी, जिला बिलासपुर**

**सीमांकन/ स्थल निरीक्षण सूचना**

दिनांक 04.03.2025

प्रति, सर्वश्री/ श्रीमती 1. राशी साहा/ कुमार अभिषेक आवदेक 2. संतोष पटेल/ उमेन्द राम पटेल 3. मुनीराम पटेल/ झाडू राम 4. चप्पु लाल / कोदा 5. राष्ट्रीय राज्य मार्ग (NH) सड़क बिलासपुर 6. राम कुमार पटेल/ बहोरिक राम 7. उत्तरा पटेल / लतेल पटेल

विषय :-सीमांकन/स्थल निरीक्षण में उपस्थित रहने बावत।

संदर्भ :-न्यायलय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार सकरी के ज्ञापन दिनांक 04.03.2025

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम तुरकाडीह प.ह.न. 54 रा.नि.म. पेण्डारी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 245/6 रकबा 0.0101 हे. एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी राशी साहा पति कुमार अभिषेक के द्वारा सीमांकन/ स्थल निरीक्षण का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/ स्थल निरीक्षण दिनांक 16/04/2025 को लगभग 10:00 से 5:00 बजे तक किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। अत: सूचना जाने।

टीप :-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल निरीक्षण / बंटाकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**प.ह.नं. 54**
**रा.नि.मं. पेण्डारी, तह. सकरी**

**न्यायालय नायब तहसीलदार-3 एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/Q/ना.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 20.01.2025

ग्राम लिंगियाडीह के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम लिंगियाडीह प.ह.नं. 31 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 15/266 रकबा 0.0220 हे. एकड़ भूमि शासकीय/ विवादित भूमि/ विक्रय पर लगे प्रतिबंध से मुक्त कराने के लिए आवेदक/ आवेदिका श्रीमती चंदना सेन गुप्ता वगै. आ. स्व. गौर रंजन सेन गुप्ता निवासी खोंगापानी द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति, संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 15.04.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 20.03.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्री शैलेन्द्र कुमार खम्परिआ उम्र 61 वर्ष पिता श्री कृष्ण कुमार खम्परिआ निवासी 27 खोली विकास नगर हनुमान मंदिर के पास बिलासपुर से मौजा तालापारा पटवारी हल्का नंबर 39 राजस्व निरीक्षक मंडल बिलासपुर खसरा नंबर 70/10 जिसका परिवर्तित सीट नंबर 5/6 भूखंड क्रमांक 137/ 5 रकबा 1800 वर्ग फुट है भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

**ममता अग्रवाल**
**इंद्र मेडिकोज, मेडिकल कॉम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 8770323334, 9752635209**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक..../...सीमांकन/रा.नि./2024
दिनांक 24/03/2025

आवेदक प्रकाश राव आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. जमुना ठाकुर 2. दीनकर 3. अन्य सर्व संबंधित

विषय :- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक .../ तह./ना.तह./वा./2024 बिलासपुर, दिनांक 21/02/2025

ग्राम देवरीखुर्द प.ह.न. 43 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 33/1 रकबा 0.05 एकड़ हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/ आवेदिका प्रकाश राव पि./ प. नत्थूराव निवासी तोरवा जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/अति. तह./ ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 09/04/2025 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

टीप: अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. सिरगिट्टी,**
**तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 20250425050003अ-2 / 2024-25

ग्राम धमनी प.ह.नं. 11

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. सीमा अग्रवाल पति राजेश अग्रवाल निवासी बिल्हा तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम धमनी प.ह.न. 11 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 749 रकबा 1.2380 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 23/04/2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 07/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-2025

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सकरी, प.ह.नं. 45, तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंद कुमार पिता मालिकराम निवासी सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम सकरी स्थित भूमि ख.न. 118/1, 118/2, 120/3, 357/2 शामिल 357/ 3 रकबा 0.0530, 0.1090, 0.1010, 0.2870, 0.1620 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। द्वितीय ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा आपत्ति आमंत्रित किया जाता है ।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 15.04.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 1.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सकरी**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**समंस**

क्रमांक/क/अति.तह./वा./2023
बिलासपुर, दिनांक 26.03.2025

एतद् द्वारा अनावेदकगण अजय कश्यप, अरूण कश्यप, संजय कश्यप, गंगा बाई उर्फ केतकिबाई, मीना कश्यप पिता/ पति स्व. राम प्रसाद निवासी करबला रोड पुराना तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 240/3, 247/1 रकबा 0.39 हे. 4198, 0.094 1018 वर्ग एकड़/ हेक्टेयर भूमि की ... के लिए आवेदक/ आवेदिका अरूण कश्यप पिता/ पति स्व. राम प्रसाद द्वारा वास्ते अन्तर्गत धारा .... छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 के तहत..... हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 09.04.2025 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 09.04.2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति पेश कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 26.03.2025 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शुभम राठौर पिता श्री जगदीश प्रसाद राठौर निवासी मस्तुरी तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर पर नाम से ग्राम बिजौर प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. व तहसील व जिला बिलासपुर में खसरा क्रमांक 394/17 रकबा 1022 वर्गफुट पर भूमि स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार श्री हर्ष गुप्ता पिता श्री कमल प्रकाश गुप्ता निवासी सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा किये है। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त भूमि पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 03 दिन के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे। अस्तु सूचना जानें।

दिनांक 08.04.2025

**राममनोहर दुबे**
**अधिवक्ता / नोटरी**
**स्टेट बैंक के सामने,**
**नया सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 98271-73623**
**क्रेता 7898648060**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क. 202407250500080
31-27/2023-24
ग्राम उमरिया प.ह.नं. 08

**// नोटिस //**

प्रति,

1. कौशिल्या बाई पति उत्तम ढिढ़ि निवासी ग्राम उमरिया तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) 2. प्रीतम बाई पति रामकुमार गायकवाड़, निवासी 521 चन्द्र नगर जयन्त विला रोड नं. 02 भिलाई (छ.ग.) 3. सितम पति देवी प्रसाद गरवेल, निवासी सतनामी नगर गुमी बस्ती धौराभाठा दतिया तालाब के पास वार्ड 21 जिला बिलासपुर (छ.ग.) 4. अमरौतिन पति स्व. कौशल कुमार, 5. अरूण पिता स्व. कौशल कुमार, 6. ना. बा. समीर पिता स्व. कौशल कुमार वली मां अमरौतिन पति स्व. कौशल कुमार निवासी डी -1, 831 वार्ड नं. 11 डोडकी भाठा, बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) 7. सुष्मिता पति तारन दास, निवासी पटनवार कालोनी शिव मंदिर यदुनंदन नगर तिफरा बिलासपुर (छ.ग.) 8. कुमारी अंकिता पिता स्व. कौशल कुमार निवासी डी - 1, 831 वार्ड नं. 11 डोडकी भाठा, बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी अंजू पिता स्व. कौशल कुमार निवासी निवासी मानिकपुर शुभाष नगर गुरूला रोड तहसील मानिकपुर जिला चित्रकूट (उ.प्र.) द्वारा एम.डी. 202223630239300020 के पक्षकार अमरौतिन वगैरह में पारित आदेश दिनांक 27/06/2023 से क्षुब्ध होकर छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अपील मय धारा 05 मय शपथ पत्र एवं ऑनलाईन नामांतरण पंजी की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई तिथि 15/04/2025 को प्रात: 11 बजे नियत है। अत: आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवे । नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

आज दिनांक 04/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोटिस जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार पथरिया तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202409251400012/
अ-27/2023-2024
ग्राम केवटाडीह प.ह.नं. 15

**समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस**

प्रति, 1. सालिकराम पिता स्व. जेठूराम, 2. मोहनी पुत्री स्व. जेठूराम, 3. प्रतिमा पुत्री स्व. जेठूराम, 4. सरतिमा पुत्री स्व. जेठूराम, 5. मालिकराम पिता स्व. सुकुल, 6. मोतीलाल पिता स्व. सुकुल, 7. पुन्नी पुत्री स्व. सुकुल, 8. प्रमिला पुत्री स्व. सुकुल, 9. आँगन बाई वेवा स्व. सुकुल, 10. अरुण कुमार पिता स्व. सम्पत, 11. तरुण कुमार पिता स्व. सम्पत, 12. भूरी बाई पुत्री स्व. सम्पत, 13. सोहागा बाई बेवा स्व. सम्पत, 14. मुकेश कुमार पिता स्व. जीवन, 15. सुमित्रा बाई बेवा स्व. जीवन, 16. रेखाराम पिता स्व. सभासिंह, 17. मनहरण पिता स्व. सभासिंह, सभी जाति लोधी निवासी ग्राम मुण्डादेवरी प.ह.न. 15 तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक बिहारी पिता बाबूलाल जाति लोधी निवासी ग्राम मुंडादेवरी तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मुंडादेवरी पटवारी हल्का नंबर 15 तहसील पथरिया जिला मुंगेली में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर / रकवा 501(0.3400) हेक्टेयर जो राजस्व अभिलेख में बिहारी पिता बाबूलाल वगैरह के नाम पर संयुक्त खाते में दर्ज है जिसमें आवेदक पक्षकार द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 कि धारा 178 के अधीन खाता विभाजन हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमे आगामी सुनवाई तिथि 22/04/2025 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थित होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 07/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के अधीन जारी किया।

**नायब तहसीलदार**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**

**सीमांकन सूचना**

प्रति, 1. एम. लक्ष्मी पति शिवनारायण राव 2. हेमलता पति एच.पी.एस. चौहान 3. सीता गौरहा पति राजेन्द्र 4. एच.पी.एस. चौहान पिता रघुनंदन 5. रामेश्वर देवांगन पि. देवचद्र 6. नारायण पिता घासीराम 7. रोहिशेक वर्मा पि. कमलकांत वर्मा 8. बाबूलाल पि. राजाराम

विषय :- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।

संदर्भ :- न्यायलय तहसीलदार/ अति. तह/ ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 29.11.2024

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम घुरू प.ह.न. 61 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 301/6 रकबा 0.0810 हे. एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी एम. लक्ष्मी पिता/पति शिवनारायण राव निवासी घुरू के द्वारा सीमांकन/ स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 22/04/2025 को समय 11:00 से 5:00 बजे तक किया जावेगा।

अत: आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अत: सुचना जाने।

टीप :- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

1. न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ना. तह. को सूचनार्थ। 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ। 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ।

**राजस्व निरीक्षक, सकरी**

**खबर संक्षेप**

### सभा की आड़ में मंतातरण, 6 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** धार्मिक सभा की आड में मंतातरण कराने वाले 6 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, रविवार को बहतराई निखिल आश्रम के पास अटल आवास निवासी दीपा गोटेल के घर में प्रार्थना सभा चल रहा थी और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। हिंदू संगठन के लोग उसके घर गए, जहां धार्मिक उपदेश दिया जा रहा था। संगठन के लोगों ने आपत्ति करते हुए जमकर हंगामा मचाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई और पास्टर दीपक सिंह, पूजा सिदार, दीपा गोटेल, गुरूविंदर सिंह, शिवकुमार धीवर, मधु कुमार को पकड़कर थाने ले आई। पुलिस ने पंकज पांडे की रिपोर्ट पर धारा 3 के तहत सभी को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसके पास सुसाईड नोट मिला है, जिसमें उसने स्वयं से आत्महत्या करने की बात लिखी है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक नवीन सोनकर ने बताया, कुदूदण्ड शिव चौक नदी किनारे रहने वाले सन्नी साहू पिता स्व. ओमप्रकाश साहू 17 साल दादा के साथ रहता था। एक रिश्तेदार दादा की दुकान में काम करता था। रविवार को उसके दादा चाचा काम से मुंगेली चले गए थे। वह घर में अकेले था, रात में उसने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार को उसकी फांसी पर लटकी लाश मिली। पुलिस को उसके पास चार लाइन में लिखा सुसाईड नोट मिला है, जिसमें उसने स्वयं से आत्महत्या करने की बात लिखी है। मृतक के मां की उसके पिता ने हत्या कर दी थी और उसके पिता की जेल रहने के दौरान मृत्यु हो गई थी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### लूट व चोरी करने वाले फरार दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लूट व बाइक चोरी करने के मामले में फरार दो युवकों



को पकड़कर चोरी की 3 बाइक जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पिछले दिनों रामसेतु पुल के नीचे दो लोगों से मारपीट कर लूटपाट की थी। उक्त मामले में फरार प्रिंस राज उर्फ जानू पिता स्व. प्रमोद सिंह 29 साल तिफरा, डूबर रंधारी पिता कमल साय रंधारी 45 साल ओडिशा निवासी को पकड़ा गया है। उनके पास चोरी की 3 बाइक जब्त की गई है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में उक्त मामले में नाबालिग सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

### तालाब में युवक की लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** तालाब में युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। सकरी टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, नेहरू नगर निवासी हेमरोन हर्मिट उर्फ टिंकू पिता स्व. विल्सन हर्मिट 40 साल शनिवार को अपने मामा के घर अमेरी गए थे। सोमवार की शाम 6 बजे उनकी अमेरी बड़ा तालाब में लाश मिली। सूचना पर पुलिस ने शव तालाब से निकालकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। शरीर में किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

**4 हजार वर्गमीटर में टेलरिंग शेड और पार्किंग बनाई जा रही** — छठ घाट के पास की खाली जमीन को किया जा रहा विकसित

# 15 करोड़ में बन रहा अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क दो साल लेट

**बिलासपुर।** गांवों के गोठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर शहरों में महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जाने हैं। बिलासपुर में इसके लिए छठ घाट के बाजू में ए स ए ल आ र ए म सेंटर के पास पांच एकड़ जमीन पर इसे बनाया जा रहा है।

- **टेलरिंग सेंटर के साथ आजीविका विकास केन्द्र होगा स्थापित**



हालांकि दो साल बाद भी काम अधूरा है। निगम, हाउसिंग बोर्ड और ठेकेदार मिलकर कछुआ गति से काम कर रहे हैं। दो साल पहले शुरू हुए इस प्रोजेक्ट और बिल्डिंग का स्ट्रक्चर तैयार हो चुका है। काम पूरा होने में अभी कम से कम 6 महीने का समय और लग सकता है। इसके बाद ही इस इंडस्ट्रियल पार्क में छोटे उद्यमियों को शिफ्ट किया जाएगा और जगह आबंटित होगी। ध्यान रहे कि रायपुर की ठेका कंपनी मेसर्स पिक कंस्ट्रक्शन को यह काम दिया गया है। ज्ञात हो कि कांग्रेस सरकार में प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में कुटीर (कॉटेज) और सेवा (सर्विस) उद्योग का विकास करने के लिए महात्मा गांधी छत्तीसगढ़ अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क खोलने की घोषणा की थी। अधिकारियों के मुताबिक योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी गरीब परिवारों के लिए रोजगार एवं उद्यमिता के माध्यम से अतिरिक्त आय के साधन विकसित करना है। इस योजना के तहत स्थानीय परिस्थिति के अनुरूप कच्चे माल के स्त्रोत, सर्विस, उद्योग एवं मार्केटिंग विकसित करते हुए शहरी उद्यमिता को बढ़ावा देना है। योजना अंतर्गत छठ घाट के पास की खाली जमीन को इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### महिलाओं के लिए बन रहा सिलाई सेंटर

योजना के तहत 2 हजार 3 हजार वर्गफीट के छोटे प्लाट काटकर उद्यमियों को दिया जाना है। इसमें कुल कुल 35 प्लाट काटे जाने की तैयारी है। पूरा काम सीईएसआईडीसी की तर्ज पर होगा जैसा कि सिरगिट्टी और तिफरा में उद्योग स्थापित किए गए हैं। पहले चरण में 15 करोड़ रुपए में 750 महिलाओं के लिए सिलाई मशीन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इसके लिए शेड और दूसरी व्यवस्था हाउसिंग बोर्ड कर रहा है तो सड़क, नाली, पानी का काम निगम के जिम्मे हैं।

### डीएमएफ से हो रही बजट की व्यवस्था

योजना के तहत 15 करोड़ की राशि में 4 हजार वर्गमीटर में टेलरिंग शेड और पार्किंग बनाई जा रही है। पूरे बजट की व्यवस्था डीएमएफ से की जा रही है। योजना के पहले चरण को सितंबर 2023 तक पूरा करना था लेकिन अभी इसमें 6 महीने और लग सकता है। फिलहाल काम सुस्ती से चल रहा है । कलेक्टर अवनीश शरण ने इस निर्माणाधीन केंद्र का निरीक्षण करते हुए जल्द काम पूरा करने कहा है।

### बेरोजगारों को रोजगार दिए जाने का दावा

योजना के तहत जिस निकाय में इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किया जाना है, वहां के बाजार की संभावना के आधार पर उद्योग स्थापति किए जाएंगे। इसके लिए शासन के माध्यम से मूलभूत अधोसंरचना, तकनीकी मार्गदर्शन और विक्रय के लिए व्यवस्था भी करनी होगी। योजना के तहत प्रमुख रूप से शहरी आजीविका विकास को केंद्र बिंदु में रखते हुए स्थानीय, शासकीय एवं अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शहरी उत्पादन और सेवा केंद्र के रूप विकसित किया जाएगा। दावा किया जा रहा है कि इंडस्ट्रियल पार्क बनने से शहर के गरीब तबके के बेरोजगारों को रोजगार मिल सकेगा।

**मुंगेलीनाका मैदान में एकत्रित हुए जिलाभर के पंचायत सचिव, शासकीयकरण की मांग**

## हड़ताली पंचायत सचिवों ने निकाली रैली, कलेक्टोरेट में की नारेबाजी



कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन करते ग्राम पंचायत सचिव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गारंटी पूरी करने की मांग करते हुए पंचायत सचिवों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। इसके पूर्व जिलेभर के पंचायत सचिवों की भीड़ मुंगेली नाका मैदान में एकत्रित हुई और वहां से रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे। पंचायत सचिवों मोदी की गारंटी में शामिल अपनी शासकीयकरण की मांग कर रहे हैं।

पंचायत सचिवों की हड़ताल लगातार जारी है और अपनी शासकीयकरण की मांग को लेकर हड़ताल पर डटे हुए हैं। उन्होंने अपने चरणबद्ध आंदोलन के तहत आज जिला स्तर पर मुख्यालय बिलासपुर में रैली निकाली। इसके लिए जिलेभर के पंचायत सचिव पहले मुंगेली नाका मैदान में एकत्रित हुए और वहां से रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टोरेट मेनगेट के सामने अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और जिला प्रशासन को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पंचायत सचिवों ने माहभर का कार्यक्रम भी तय कर लिया है। सचिवों का कहना है कि वर्ष 2023-24 के चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने की गारंटी दी गई है। पंचायत सचिव विगम 30 वर्षों से सेवारत है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा शासकीयकरण के लिए कमेटी गठन की घोषणा करते हुए भरोसा दिलाया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कमेटी का गठन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया है, लेकिन बजट सत्र में पंचायत सचिवों के विषय पर सरकार द्वारा कुछ पहल नहीं किया गया है, इसलिए 17 मार्च से प्रदेश पंचायत सचिव संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतर आए हैं।

पंचायत सचिवों ने हड़ताल को आगे जारी रखते हुए माहभर का कार्यक्रम बनाया है। इसके अनुसार 7 अप्रैल को जिला स्तर पर रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया और 8 अप्रैल को जनपद स्तर पर नगाड़ा बजाकर विरोध किया जाएगा। 9 अप्रैल को जनपद स्तर पर रामायण गान किया जाएगा। 10 अप्रैल को जनपदों में पंडाल लगाकर हड़ताल और महावीर जयंती मनाया जाएगा। 11 अप्रैल को क्रमिक भूख हड़ताल तथा 12 अप्रैल को सरकार को सदबुद्धि देने के लिए हनुमान चालीसा पाठ। इसी तरह 20 अप्रैल को पंचायत सचिव जंतर मंतर मैदान दिल्ली में हड़ताल करेंगे।

## 1300 हितग्राहियों का एक हजार क्विंटल चावल डकार गया सेल्समैन



कलेक्टर को ज्ञापन देने पहुंचीं मस्तूरी की हितग्राही महिलाएं ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर। ग्राम पंचायत मस्तूरी के करीब 1300 हितग्राहियों को दो महीने से राशन नही मिल रहा है। सेल्समैन करीब एक हजार क्विंटल की गड़बड़ी कर चुका है। राशन लेने पहुंचे रहे लोगों को यह कहकर भगा दिया जा रहा है कि सबको राशन दिया जा चुका है। अपने हिस्से के राशन की मांग करते हुए हितग्राही स्थानीय जन प्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम और दूसरे अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

सोमवार को इन हितग्राहियों ने जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। महिलाएं कलेक्टर से मिलने के लिए अड़ी रहीं। कलेक्टर टीएल में व्यस्त थे तो दूसरे अधिकारी महिलाओं से मिलने से पहुंचे लेकिन महिलाओं ने ज्ञापन देने से मना कर दिया। जनदर्शन शुरू हुआ तो महिलाओं ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

ग्राम पंचायत मस्तूरी के हितग्राही भरी दुपहरी में ट्रैक्टर में बैठकर कलेक्टोरेट पहुंचे। इन लोगों ने राशन नहीं मिलने की शिकायत की। इनका कहना था कि फरवरी और मार्च का राशन अभी तक नहीं मिला है। सेल्समैन मनीराम कुर्रे ने छलपूर्वक हितग्राहियों से राशन कार्ड पर अंगूठा ले लिया और बाद में राशन देने की बात कहते हुए अब परेशान कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई दिनों से राशन दुकान के चक्कर काट रहे हैं लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है राशन वितरण नहीं होने के कारण उन्हें खाद्य सामग्री खरीदने में भी कठिनाई हो रही है।

### राशन के लिए भटक रहे ग्रामीण

हितग्राही राहीन कैवर्त ने बताया कि पिछले दो महीने का फिंगरप्रिंट ले लिया गया है और चावल वितरण कर देंगे करते हुए दो महीने बीत गया है। अब तक फरवरी और मार्च महीने का राशन वितरण नहीं किया गया। ग्रामीणों के अनुसार करीब एक हजार क्विंटल चावल बाजार में बेचे जाने की जानकारी मिली है। इसकी जानकारी अधिकारियों को भी है लेकिन कुछ नहीं हो रहा है। हितग्राहियों ने कलेक्टर मांग की है कि जल्द से जल्द राशन वितरण शुरू कराया जाए, ताकि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस बारे में खाद्य नियंत्रक अनुराग सिंह भदौरिया का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कदम उठाए जाएंगे और जल्द ही राशन वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

**सभापति ने लिखा आयुक्त को पत्र**

## 16 अप्रैल को हो सकती है निगम की सामान्य सभा

**बिलासपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा करीब 14 महीने बाद 16 अप्रैल को हो सकती है। इसके लिए तैयारी की जा रही है। हालांकि कमिश्नर के रायपुर में होने के कारण इस पर अंतिम मुहर नहीं लग सकी लेकिन इसके लिए तैयारी की जा रही है। सभापति विनोद सोनी ने इसके लिए आयुक्त को पत्र भी भेज दिया है। इसके साथ ही प्रस्ताव भी मंगाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि सामान्य सभा हर 2 महीने में होनी है, इस लिहाज से कांग्रेस के पिछले 5 सालों के कार्यकाल में 30 बैठकें होनीं थी, लेकिन यह बैठक सिर्फ 6 बार हो सकी है। अब सामान्य सभा होने के कारण इससे शहर विकास के मुद्दे पर शहर सरकार और विपक्ष के बीच चर्चा हो सकेगी। कई जनहित के मुद्दे जो रुके पड़े हैं उस पर फैसला हो सकेगा। इसके साथ ही एमआईसी में लाए गए प्रस्ताव भी पास हो सकेंगे।

सामान्य सभा की बैठक शहर विकास और वार्डो की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए बुलाई जाती है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा बनाए गए नियमानुसार सामान्य सभा की बैठक हर दो महीने में एक बार कराना अनिवार्य किया गया है लेकिन बड़ी मुश्किल से पिछले पांच सालों में 6 बैठकें ही हो सकी है। निगम से मिली जानकारी के मुताबिक 2020-21 में कोरोना काल के कारण केवल एक सामान्य सभा आयोजित की गई, वहीं 2022 में दो सामान्य सभा 2023 व 24 में एक एक सामान्य सभा हुई थी।

### फरवरी 24 में हुई आखिरी बैठक

ज्ञात हो कि 27 फरवरी 2024 को सामान्य सभा की आखिरी बैठक लखीराम आडिटोरियम में हुई थी। उसके बाद से सामान्य सभा कराने पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। खास बात है कि फरवरी में हुई बैठक में बजट पर अधिक चर्चा हुई थी। इसे पूरी सामान्य सभा भी नहीं कहा जा सकता। अधिकांश समय तो हंगामे में ही बीत गया था। सामान्य सभा की बैठक नहीं हो पाने के कारण चलते ढेरों प्रस्ताव अटके हुए हैं और विकास कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। ध्यान रहे कि शहर विकास के अधिकांश कार्यों पर मुहर सामान्य सभा की ही लगती है। सामान्य सभा नहीं होने से जनता को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

### नहीं हुआ अंतिम निर्णय

सामान्य सभा कराने के लिए आयुक्त को पत्र लिखा जा चुका है। जल्द ही बैठक होगी। इसके लिए प्रस्ताव भी मंगाए जा रहे हैं। तिथि पर अंतिम निर्णय अभी नहीं हुआ है।

- **विनोद सोनी**, सभापति

## आरक्षक को दौड़ा दौड़ाकर पीटा, वीडियो वायरल

**बिलासपुर।** सदर बाजार करोना चौक में कट मारने से मना करने पर चार युवकों ने सरेराह गुण्डागर्दी करते हुए बाइक सवार आरक्षक को दौड़ा दौड़ाकर लाठी, राड पीट दिया, सिर में गंभीर चोट आने पर आरक्षक ने भागकर जान बचाई है। गुण्डागर्दी का वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा है। पुलिस ने दो हमलावरों को पकड़कर उनका जुलूस निकाला, वहीं दो हमलावर फरार हैं।

- **दो आरोपी पकड़े गए, दो फरार**

कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया कि परसदा निवासी सतीश कुमार लोधी पिता द्वारिका लोधी 37 साल पुलिस विभाग में आरक्षक हैं, वे जिला न्यायायल में पदस्थ हैं। 7 अप्रैल की शाम वे अपने दोस्त के साथ हेलमेट लगाकर बाइक से गोलबाजार की ओर जा रहे थे। करोना चौक के पास बाइक सवार दो युवक तेज रफ्तार में कट मारते हुए निकल रहे थे। आरक्षक ने कट मारने से मना किया तो दोनों युवक बाइक रोककर आ गए और गुण्डागर्दी करते हुए गाली गलौज कर पैसा मांगने लगे। आरक्षक ने पैसा देने से मना किया तो युवकों ने फोन कर अपने अन्य दो साथियों को बुला लिया। दोनों युवक लोहे की राड व लाठी से आरक्षक पर हमला कर दिया। आरक्षक ने किसी तरह उनके चंगुल से भागकर जान बचाई। गुण्डागर्दी, मारपीट से बाजार में हड़कंप मच गया। घायल आरक्षक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आनन फानन में कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और दो हमलावर मनोज वर्मा चांटीडीह, सैफूल हक करोना चौक निवासी को पकड़ लिया। दोनों की बाजार में जुलूस निकालते हुए पैदल थाने लाया गया है। पुलिस ने आरक्षक की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 126, 2, 113, 1, 296, 115, 2, 351, 2,315 के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।



### सोशल मीडिया में वीडियो वायरल

सरेराह आरक्षक पर युवकों के द्वारा लाठी, लोहे के राड से ताबड़तोड़ हमला किया जा रहा था। बाजार में लोगों की भीड़ लगी हुई थी, किन्तु कोई भी बीच बचाव करने नहीं आया। उल्टा मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया। उसके बाद पुलिस हरकत में आई और दो आरोपियों को पकड़ा गया।

## बैंक का ताला तोड़कर चोरों का धावा रकम नहीं मिलने पर बैरंग लौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


चोरों ने बैंक में धावा बोलकर दराज आलमारी खंगाल डाला, रकम हाथ नहीं लगने पर बैरंग लौट गए। स्ट्रांग रूम में तक चोरों के नहीं पहुंच पाने बड़ी चोरी की वारदात टल गई। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

- **बैंक ऑफ बड़ौदा में 5 अप्रैल को हुई थी वारदात**

कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया, पं सुंदरलाल विश्व विद्यालय के बाजू में बैंक आफ बड़ौदा का दफ्तर है। 5 अप्रैल की शाम अधिकारी कर्मचारी काम खत्म करने के बाद बैंक बंद कर अपने अपने घर चले गए। इसी दौरान चोरों ने बैंक के शटर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और दराज व आलमारी को खंगाल डाला। रकम हाथ नहीं लौटने पर चोर बैरंग लौट गए। बताया जाता है बैंक के अंदर एक रूम में स्ट्रांग रूम है, जहां देने का पैसा रखा जाता है। चोर स्ट्रांग रूम तक नहीं पहूंच पाए। इससे बड़ी चोरी की वारदात होने से टल गई। छुट्टी समाप्त होने के बाद 7 अप्रैल को बैंक के अधिकारी, कर्मचारी बैंक गए तो शटर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो दस्तावेज बिखरे पड़े थे और दराज खुला हुआ मिला। स्ट्रांग रूम सुरक्षित मिलने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। सूचना पर पुलिस ने बैंक पहुंचकर मुआयना किया है। पुलिस शाखा प्रबंधक विवेक राय की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर चोरों के पतासाजी में जुट गई है। बहरहाल पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

## 1 करोड़ 75 लाख की ठगी, फरार जमीन दलाल की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**बिलासपुर।** कोर्ट ने फर्जी दस्तावेज से जमीन बेचकर रिटायर्ड सहायक आयुक्त से 1 करोड़ 75 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में फरार जमीन दलाल की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। इसके पूर्व फरार पटवारी व जेल में बंद एक अन्य जमीन दलाल की जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है।



ज्ञात हो कि उसलापुर अल्का एवेन्यू निवासी रिटायर्ड आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त अमरचंद बर्मन को फर्जी दस्तावेज दिखाकर सिंधी कालोनी निवासी राजकुमार उर्फ राजू बजाज, नेहरू नगर गीताजंली विहार निवासी विकास मांझी पिता चंडीचरण मांझी, राजेश पाण्डेय ने पटवारी सुरेश सिंह ठाकुर से सांठगांठ कर रिंग रोड टू में खसरा नम्बर 448 / 11 ग व खसरा नम्बर 448 / 37 के फर्जी दस्तावेज दिखाकर 1 करोड़ 75 लाख रुपए की ठगी कर ली गई थी। फरार जमीन दलाल राजकुमार उर्फ राजू बजाज पिता स्व. राजल दास बजाज 56 साल ने अधिवक्ता के माध्यम से अग्रिम जमानत अर्जी लगाई। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दिया है। इसके पूर्व फरार पटवारी सुरेश सिंह ठाकुर व जेल में बंद जमीन दलाल विकास मांझी की दो बार जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## फर्जी दस्तावेज बनाकर दो लोगों को बेच दी जमीन, दलाल पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** देवरीखुर्द स्थित एक जमीन पर मालिक द्वारा नामांतरण नहीं कराने का फायदा उठाकर दलाल ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे दूसरों को बेच दिया। मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में की गई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी दलाल के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित सौखीलाल भार्गव, निवासी जरहाभाठा ने पुलिस को बताया कि उन्होंने वर्ष 2008 में माया देवी पति लक्ष्मी शंकर सिंह से देवरीखुर्द में 2400 वर्गफुट जमीन खरीदी थी। किन्हीं कारणों से वे नामांतरण नहीं करा पाए। इसी दौरान कोरोना काल में दलाल बजरंग प्रसाद की नजर इस जमीन पर पड़ी। आरोप है कि दलाल ने ऑनलाइन रिकॉर्ड में तकनीकी गड़बड़ी का फायदा उठाकर माया देवी के नाम का फर्जी आधार कार्ड बनवाया और किसी अन्य महिला को माया देवी बनाकर पंजीयन कार्यालय में पेश किया। इसके बाद फर्जी मुख्तियारनामा और ऋण पुस्तिका तैयार कर 13 फरवरी 2020 को उक्त जमीन को सुषमा गुप्ता और अरविंद कुमार गुप्ता के नाम रजिस्ट्री कर दी गई। साथ ही दलाल ने खरीदारों को जमीन का कब्जा भी दिला दिया। सौखीलाल का कहना है कि असली माया देवी अब भी जीवित हैं और उनका आधार नंबर भी अलग है। उनके नाम पर सिर्फ वही एक जमीन थी, जिसे उन्होंने ही खरीदा था। सिविल लाइन पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अपराध दर्ज कर लिया है और दलाल की तलाश की जा रही है।

### आरपीएफ चौकी को मिला थाने का दर्जा

**बिलासपुर।** एसईसीआर के अधिकारियों ने उसलापुर की आरपीएफ चौकी को थाने का दर्जा देने का नोटिफिकेश जारी कर दिया है। आरपीएफ पोस्ट उसलापुर में थाना प्रभारी निरीक्षक, उपनिरीक्षक के साथ अधिक बल कर्मियों की नियुक्ति की गई है, जिन्हें स्टेशन प्लेटफार्म ड्यूटी के साथ रात में सीआईसी की ओर जाने वाली ट्रेनों के अनुरक्षण हेतु तैनात किया जाएगा। गाड़ियों के अनुरक्षण से अपराधों की रोकथाम, मामलों की जांच एवं निवारण में तेजी आएगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 20,500/-

By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)

16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025

चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### सिलतरा में अखण्ड नवधा रामायण आज से

**तखतपुर।** अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन सिलतरा में 8 से 16 अप्रैल तक आयोजित किया गया है। आचार्य पं श्रीधर दीवान एवं यजमान श्रीमती उमा गौरी प्रवीण साहू रहेंगे। तैयारी में मयाराम पटेल, राममनोहर पटेल, प्रहलाद साहू, संतोष यादव, रामाधार साहू, रूपविलास पटेल, डोमस साहू, भीषम साहू, देवनाथ साहू सहित अन्य जुटे हुए हैं।

### जरौंधा में नवधा रामायण 17 तक

**तखतपुर।** अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन 7 से 17 अप्रैल तक जरौंधा में किया गया है जिसमें आचार्य पं लक्ष्मी नारायण तिवारी, यजमान श्रीमती प्रभा सुरेश पाण्डेय है। तैयारी में अश्वनी श्रीवास, विनय तेली, विक्रम चौहान, अशोक रजक, नंदकुमार साहू, परमानंद रजक सहित अन्य जुटे हुए है।

### ग्राम भरनी में शिविर आज

**तखतपुर।** समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त करने हेतु 8 अप्रैल को ग्राम पंचायत भरनी में शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें काठाकोनी, पेण्ड्री, खजुरीनवागांव, चनाडोंगरी, बिनौरी, खम्हरिया, देवरीखुर्द, विंध्यासर, भिलौनी, लाखासार, चोरभठ्ठीकला, भाड़म, गनियारी, घोंघाडीह, बेलटुकरी, नेवरा, भुण्डा, पर्थरा, गोकुलपुर, भरारी, भकुर्रानवापारा, कपसियाकला, कपसियाखुर्द, बेलगहना, राजपुर, केकती, समडील, टांडा, लोखण्डी , पोंडी, घुटकू, निरतू, तुर्काडीह, लमेर, खरगहना, भरनी, परसदा, हांफा, देवरीकला, जोंकी, पेण्डारी, चोरभठ्ठीखुर्द में आयोजित है।

### मुंगेली जिले सुशासन तिहार आज से

**मुंगेली।** जिले में तीन चरणों में सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा और तीसरे चरण में 5 से 31 मई तक प्रत्येक 8 से 15 पंचायतों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर राहुल देव ने बताया कि शिविरों में आवेदकों को उनकी आवेदन की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। शिविर में विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन उपलब्ध कराया जाएगा। 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय कार्यालयों में सुबह 10 से शाम 05 बजे तक समाधान पेटी रखी जाएगी, जिसमें आमलोग अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को लिखकर डालेंगे। इसके साथ ही लोक सेवा केन्द्र में जाकर आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने अपर कलेक्टर जीएल यादव को जिला स्तरीय सेल प्रभारी, अपर कलेक्टर श्रीमती मेनका प्रधान को नगरीय निकाय स्तर पर प्राप्त आवेदनों की प्राप्ति एवं निराकरण हेतु नोडल अधिकारी, विकासखण्ड मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया में प्राप्त आवेदनों की प्राप्ति एवं निराकरण हेतु संबंधित एसडीएम को नोडल अधिकारी और संबंधित जनपद पंचायत सीईओ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने सुशासन तिहार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### भाजपा का कार्यकर्ता सम्मलेन आज

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सभी क्षेत्रों में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बिल्हा विधानसभा स्तरीय भी भारतीय जनता पार्टी द्वारा 8 अप्रैल दिन मंगलवार को झूलेलाल मंगलम में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मलेन कर रही है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला एवं छत्तीसगढ़ क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, महापौर नगर निगम बिलासपुर पूजा विधानी, अध्यक्ष जिला पंचायत बिलासपुर राजेश सूर्यवंशी मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा जिनकी मेहनत से आज पूरे देश में कमल खिला है और भारतीय जनता पार्टी देश के सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा प्राप्त की है। कार्यक्रम का समय दोपहर 12 बजे से रखा गया है।

### जिला अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर कल




**मुंगेली।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा रेडक्रॉस के सहयोग से जिला चिकित्सालय परिसर में 9 अप्रैल को समय प्रातः 10 बजे से विशाल मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के विशेषज्ञ चिकित्सकों के अतिरिक्त रायपुर एवं बिलासपुर के वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। जिसमें हृदय रोग, न्यूरो, बच्चों से संबंधित हड्डी रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग, दंतरोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, कटे फटे होंठ एवं तालू तथा क्लब फुट एवं अन्य सामान्य रोगों का उपचार किया जाएगा। उक्त बीमारियों से संबंधित मरीजों के जांच एवं आवश्यकतानुसार उपचार हेतु मरीजों को विशाल मेगा शिविर में लाने हेतु समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु दल) के प्रभारी अधिकारी एवं समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिले के कलेक्टर राहुल देव ने आम जनमानस को मेगा स्वास्थ्य शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर जटिल रोगों के जांच कराकर उपचार लेने की अपील है। उक्त जानकारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने दी।

### केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन व डिप्टी सीएम साव ने कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

# मोदी के के नेतृत्व में भाजपा ने रिकॉर्ड तीसरी बार सरकार बनाईः तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

भारतीय जनता पार्टी 45 साल की हो गई है। आज देश में जो असाधारण परिवर्तन हुआ है, उसका कारण जनसंघ और भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा है। भाजपा एक मात्र पार्टी है जो विचारधारा पर चलती है। जिनके सारे कार्य विचारधारा पर आधारित हैं। यह बातें उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मुंगेली एवं लोरमी भाजपा कार्यालय में कही।

श्री साव ने आज भाजपा कार्यालय में पार्टी के स्थापना दिवस पर जनसंघ, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं उनके परिजनों को सम्मानित किया। वहीं पार्टी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आनुषंगिक संगठनों के कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया। इस मौके पर केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि मोदी जी जैसे असाधारण कार्यकर्ता के नेतृत्व में भाजपा ने रिकॉर्ड तीसरी बार सरकार बनाई है। भाजपा की कार्यपद्धति ऐसी है कि पार्टी के 10 करोड़ कार्यकर्ताओं में से कोई भी एक व्यक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। मैं भी एक सामान्य कार्यकर्ता हूं। बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं के संस्कार का अनुसरण कर और पार्टी के आशीर्वाद से राज्य मंत्री का दायित्व मिला।

वरिष्ठ विधायक पुन्नू लाल मोहले ने कहा कि, हमारे राजनीतिक पितृ पुरुष स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने एक देश, एक विधान, एक संविधान की बात कही थीं। पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता से राष्ट्र प्रधान बने मोदी जी की सरकार ने विचारधारा पर चलकर कश्मीर से धारा 370, 35a को हटा दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की विचारधारा पर चलकर अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया। भाजपा विचारधारा पर चलते हुए मां भारती के पुराने वैभव को पुनः प्राप्त करने के लिए कार्य कर रही है। करोड़ों कार्यकर्ताओं के दम पर हम इस लक्ष्य को निश्चित ही हासिल करके रहेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, गुरमीत सलूजा, ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय, कोमल गिरी गोस्वामी, अंजना देवी दास, सुशील यादव, राजेंद्र साहू, दिनेश कश्यप, लेखराज सिंह ठाकुर, विनय साहू दिनेश साहू, महाजन जायसवाल, रवि शर्मा, राकेश दुबे, अशोक साहू, अशोक जयसवाल, तितरा राम राजपूत, रामअवतार राजपूत रामकुमार, रामेश्वर बंजारे, जवाहर दिवाकर, विश्वास दुबे, शिव शंकर यादव, घनश्याम यादव, अशोक सिंद्राम देवचरण भास्कर, नरोत्तम राजपूत, गणेश राजपूत, खडानन कश्यप, रामनिवास राजपूत, अमित बैस, दुखीराम साहू ,महेंद्र खत्री ,विकास केसरवानी, अभिषेक पाठक, देवेंद्र विश्वकर्मा, मुकुल तिवारी, देवेंद्र केसरवानी ,धीरज जायसवाल ,ओमकार खत्री ,नरेंद्र खत्री ,घनश्याम खत्री, श्रेय त्रिपाठी ,सुरेश श्रीवास, पवन गुप्ता, धन्नू साहू , सोहन डडसेना, पूर्णिमा अहिरवार ,अमृता घृतलहरे ,कुंज बिहारी तिवारी, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के परिजन, पंचायत व निकाय के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


कार्यकर्ताओं का सम्मान करते तोखन साहू व अरुण साव।

### भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टीः साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मैं भाजपा का सदस्य ही नहीं, बल्कि इसी पार्टी में पैदा हुआ है। अपने पिता के साथ 10 वर्ष की उम्र से ही पार्टी के लिए काम कर रहा हूं। उस समय हमें चिढ़ाते थे कि जिस दीये में तेल नहीं, सरकार बदलना खेल नहीं। इसके बावजूद हम निरन्तर आगे बढ़ते रहे। एक वोट से अटल जी की सरकार गिर गई। तब अटल जी ने जवाब दिया था कि, आज आप हम पर हंस रहे हैं, लेकिन भविष्य में लोग आप पर हंसेंगे। उन्होंने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। पहले हमें दो सांसदों वाली पार्टी कहकर चिढ़ाते थे।

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में जनसंघ के वरिष्ठ नेता एवं उनके परिवार के सदस्यों का श्रीफल शॉल देकर सम्मानित किया गया जिसमें राम मनोहर यादव, गुरमीत सलूजा, महेश शर्मा, राजेंद्र सलूजा, अंजना देवी दास, कृष्णा बाई कश्यप, बड़ा गिरी गोस्वामी, ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय, सत्तू कश्यप, भक्ति सिंह ठाकुर, तुखराम साहू, शालिक राम साहू, महासिंह श्रीवास, बिसाहू राम डड़सेना, स्वारथ लाल साहू, किशन दास बघेल, राकेश गुप्ता, रामावतार राजपूत, तीतरा राजपूत राकेश दुबे सहित अन्य शामिल हैं।



मंचस्थ अतिथि एवं वरिष्ठ नेताओं के सम्मानित परिजन।

## कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही मुंगेली जिला बना भाजपा का गढ़

**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस जिला स्तर पर अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले ने विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

स्थापना दिवस पर पूर्व सांसद स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी, पूर्व मंत्री स्व. डॉ. भानु गुप्ता, पूर्व विधायक स्व. फूलचंद जैन, पूर्व विधायक स्व. मुनीराम साहू के परिजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भाजपा के जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही मुंगेली जिले को भाजपा का गढ़ बनाने में सहयोग मिला। यही कारण है कि जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत एवं नगर पालिका में निर्विरोध रूप से पार्टी के कार्यकर्ता ने जीत दर्ज की। कार्यक्रम में भाजपा के जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं एवं शुरूआती दिनों के वरिष्ठ नेताओं के परिजन का सम्मान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी के पुत्र कमलेश्वर केशरवानी, पूर्व मंत्री स्व. भानू गुप्ता के पुत्र संजीव गुप्ता, पूर्व विधायक स्व. फूलचंद जैन के सुपुत्र संतोष, स्व. मुनीराम के सुपुत्र हेमंत साहू का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन गिरीश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, लोरमी नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल परिहार, श्रीमती चित्ररेखा, गुरमीत सलूजा, शैलेष पाठक, प्रेम आर्य, संजय वर्मा, वीनू महाराज, लोकनाथ सिंह, राजीव श्रीवास, सौरभ बाजपेयी, पवन पाण्डेय, रजनी मानिक सोनवानी, निश्चल गुप्ता, किशोरी लाल केशरवानी, कोटू दादवानी, मोहन भोजवानी, राणाप्रताप सिंह, मोहन मल्लाह, शैलेन्द्र तिवारी, दिनेश सोनी, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के परिजन, पंचायत व निकाय के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, दो शिक्षकों की मौत

**कोरबा।** एक निजी स्कूल के शिक्षक अपने दूसरे शिक्षक दोस्त की शादी समारोह में शामिल होने दीपका शक्ति नगर गए हुए थे। जहां देर रात को शादी समारोह में शामिल होने के बाद चारों दोस्त पुनः अपने कार में सवार होकर वापस कोरबा लौट रहे थे कि बीच रास्ते में वे हादसे के शिकार हो गए और इस हादसे में दो शिक्षकों की मौत हो गई है जबकि कार में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के अनुसार खरमोरा निवासी हिमांशु सिंह 31 वर्ष पिता दिनेश सिंह व एमपी नगर निवासी शुभमदीप सिन्हा पिता अखिलेश प्रसाद सिन्हा, चंद्रभानु सेंट जेवियर स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे जबकि सतविंदर सिंह उनका दोस्त है। बताया जाता है कि अभिषेक दास सेंट जेवियर स्कूल में ही पूर्व में शिक्षक के पद पर पदस्थ था जिसकी शादी गेवरा शक्तिनगर में रविवार को आयोजित थी। हिमांशु, शुभम, चंद्रभानु व सतविंदर रविवार की देर शाम कार क्रमांक बीआर 01 जेसी 5623 में सवार होकर शक्तिनगर गए हुए थे जहां दोस्त की शादी में शामिल होकर पुनः कार मे वापस लौट रहे थे। देर रात कार अनियंत्रित होकर सडक़ के किनारे पेड़ से जा टकराई। जिसमें हिमांशु सिंह व ठीक उसके पीछे बैठे शुभम दीप सिन्हा की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान पीछे के दोनों दरवाजे खुलने के साथ कार पर सवार दो अन्य शिक्षक नीचे आ गिरे। घटना में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं।


मृतक हिमांशु


मृतक शुभदीप

## हरदीकला में बढ़ रही पानी की समस्या

**बोदरी।** ग्राम पंचायत हरदी कला में पानी की समस्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही हैं। भू जल स्तर तेज़ी से नीचे जाने के कारण यहां के लोगों को पीने का पानी मिलना मुश्किल हो रहा था। जिसे देखते हुए सरपंच सरिता विष्णु साहू के पहल से गीतांजलि इस्पात द्वारा वार्ड क्रमांक एक में बोर खनन किया गया। लगातार सरपंच द्वारा जल संकट से निपटने के हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिसमें सरपंच पति विष्णु साहू, पत्रकार राजेन्द्र साहू वॉर्ड पंच राजू रात्रे, गणेश यादव, मनहरण सूर्यवंशी एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।


बारेगि खनन के दौरान उपस्थित ग्रामीण।


कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते सरपंच संघ के सदस्य।

## सरपंच संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**तखतपुर।** पंचायत सचिव की हड़ताल के पंचायतों के काम काज प्रभावित हो रहा है। नाराज सरपंच संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए आवश्यक पहल करने की मांग की है। सरपंच संघ तखतपुर के अध्यक्ष शैलेन्द्र क्षत्रिय, उपाध्यक्ष अम्बालिका कश्यप एवं सचिव इन्द्राणी देवा सिंगरौल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरपंचों ने बताया कि हाल ही में हुए पंचायत चुनाव के बाद नवनिर्वाचित सरपंचों को अब तक अधिकारिक रूप से कार्यभार नहीं सौंपा गया है। साथ ही पंचायत खातों में हस्ताक्षर परिवर्तन की प्रक्रिया भी अधूरी है, जिससे वित्तीय गतिविधियां ठप पड़ी हैं। सरपंच संघ ने बताया कि प्रदेशभर में जारी सचिवों की हड़ताल से ग्राम पंचायतों में मनरेगा, पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता अभियान समेत कई जरूरी योजनाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। तखतपुर जनपद की लगभग 90 प्रतिशत पंचायतों में सचिवों की अनुपस्थिति के कारण विकास कार्य पूरी तरह रुक गए हैं।संघ ने मांग की है कि सचिवों की हड़ताल को समाप्त कराने के लिए शीघ्र उचित कदम उठाए जाएं, ताकि ग्रामीण जनता को राहत मिल सके। सरपंचों के खातों के संचालन हेतु तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था लागू करने की मांग भी की गई है, जिससे पंचायत स्तर पर आवश्यक कार्य बाधित न हों। खासकर इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की दिक्कत हो रही है, इसलिए तत्काल पहल की जाए।

## डिडनेश्वरी मंदिर से निकली कलश यात्रा

**मल्हार।** नवरात्र के बाद परम्परानुसार सोमवार को नगर में डिडनेश्वरी मंदिर से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में सौ से ज्यादा महिलाएं व युवतियां कतारबद्ध होकर शामिल हुई।

शोभायात्रा का दर्शन करने पूरे रास्ते भर हजारो की संख्या में लोगों की भीड़ रही। शोभायात्रा में शामिल महिलाओ व श्रद्धालुओ के लिए लोगो ने जगह जगह पीने के पानी, शर्बत व प्रसाद की व्यवस्था की थी साथ ही देवांगन मोहल्ले की महिलाओं ने अपने घरों के सामने चौका आरती बनाकर शोभायात्रा का स्वागत कर पूजन किया। इस भव्य नजारे को देखने आसपास के गावो के हजारों के लोग भी शामिल हुए। प्रत्येक नवरात्र के बाद निकलने वाली इस कलश शोभायात्रा का इंतजार नगर व आसपास के लोगो को बेसब्री से रहती है। इसलिए यह यात्रा भव्य व दिव्य रूप से निकाली जाती है। भारी भीड़ के मद्देनजर इस बार पुलिस के जवानों को कई स्थानों में तैनात किया गया था। मंदिर परिसर से शाम 4 बजे शुरू हुई यात्रा ठाकुरदेव चौक, बाजार चौक, स्कूल चौक होते हुए मेला चौक स्थित भगवान पातालेश्वर मंदिर पहुची जहां विधि पूर्वक पूजन के बाद पौराणिक महव के खैया तालाब में जंवारा विसर्जन किया गया जिसके बाद कलशयात्रा पुनः मंदिर पहुची जिसके बाद भंडारा में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया व नवरात्र समापन की घोषणा ट्रस्ट द्वारा की गई।





स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में न्यायिक अधिकारी एवं चिकित्सक।

## न्यायालय परिसर से निकली स्वास्थ्य जागरूकता रैली

**मुंगेली।** सालसा प्लान ऑफ एक्सन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की अध्यक्ष गिरिजा देवी मेरावी के मागदर्शन में विश्व स्वास्थ दिवस पर स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता लाने हेतु रैली निकाली गई। साथ ही जिला चिकित्सालय में भी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

▪ बताए गए तनाव मुक्त जीवन जीने के उपाय

शिविर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ तनाव मुक्त जीवन जीने के उपाय, बच्चों का नियमित मेडिकल चेकअप कराने के साथ ही उपस्थित व्यक्तियों को नियमित जीवनशैली अपनाने नियमित योग और व्यायाम करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीषा ठाकुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की सचिव कंचन लता आचला, सिविल सर्जन डॉ. एम.के. राय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेपी कौशिक मौजूद रहे।

### नपं ने पोस्टर छापकर की लोगों से पानी न बहाने की अपील

# सरगांव क्षेत्र में जलसंकट गहराया, 250 फीट नीचे पहुंचा पानी

**सरगांव।** जल समस्या के कारण नगर में हालात कितने बदतर हो चुके हैं, इसका अंदाजा नगर पंचायत द्वारा पोस्टर छाप कर लोगों से की जा रही अपील से लगाया जा सकता है। दरअसल नगर पंचायत सरगांव के द्वारा पोस्टर छाप कर लोगों से तराई न करने, घर के सामने सिंचाई एवं गाड़ी नहीं धोने की अपील की जा रही है।

सरगांव को आसपार के क्षेत्र में पानी के लिए धनवान माना जाता है, लेकिन मनियारी नदी के आसपास के ग्रामीण गांवों में बोर उत्खनन में पानी नहीं निकलने के कई मामले सामने आए हैं। यहां 100 फीट की खुदाई में ही पानी निकल आता था, लेकिन बड़ी संख्या में बोर उत्खनन एवं क्षेत्र में धान की खेती के लिए अत्यधिक पानी के उपयोग ने नगर का इतिहास बदल दिया है। दशकों बाद नगर के भू-गर्भ सुखाने लगे हैं, जिसका सीधा असर नगर के भूगर्भिक जल स्त्रोतों पर दिख रहा है। स्थानीय प्रशासन द्वारा जल की पूर्ति के लिए जगह-जगह बोर खनन कर धरती के गर्भ से अंधाधुंध जल खींचा जा रहा है। जितना जल वर्षा से पृथ्वी में समाता है, उससे अधिक हम निकाल रहे हैं। साफ एवं स्वच्छ जल भी प्रदूषित होता जा रहा है। जल संरक्षण, जल का सही ढंग से इस्तेमाल, जल के पुनर्उपयोग और भूजल की रिचार्जिंग पर समुचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस कारण पानी की जलसंकट की स्थिति बन रही है। नगर में पानी का लेयर कम होना इस बात के संकेत है कि आने वाले समय में लोगों के समक्ष जल संकट एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आ सकता है।



### पानी ना बहाने की अपील

नगर पंचायत सरगांव ने दिशा निर्देश जारी करते हुए सभी प्रकार का निर्माण कार्यों को अस्थाई रूप से स्थगित करने तथा नल पाइप लाइन में रिसाव की तुरंत मरम्मत करने की अपील की। साथ ही वाहनों को ना धोने एवं सड़क घर के सामने पानी का छिड़काव नहीं करने की अपील की गई।

### किसी काम की नहीं करोड़ों की टंकी

नगर पंचायत सरगांव में राज्य सरकार ने करोड़ों की लागत से बड़ी-बड़ी पानी टंकियों का निर्माण कराया है। नगर की 95% आबादी सरकारी नल पर ही निर्भर है परंतु भूगर्भिक जल स्त्रोतों के गिरने से टंकियां किसी काम की नहीं रह गईं। टंकियों को भरने वाले बोरवेल्स गिरते जल स्तर का शिकार होकर सूख गए, जिससे टंकियों में पानी भरना ही एक बड़ी समस्या बन गई है।

### 250 फीट नीचे पहुंचा पानी

सरगांव में 100 फीट में पानी मिल जाता है, लेकिन इस बार भूगर्भिक जल स्तर का डेढ़ सौ फीट नीचे जाना एक प्राकृतिक आपदा की तरह है। हालात यह है कि नगर में पानी के लिए हाहाकार मचा है।

## निधन

### अनुसुइया त्रिवेदी



**बिलासपुर।** गोंड़पारा निवासी अनुसुइया त्रिवेदी 85 वर्ष पति स्व. विष्णुनाथ त्रिवेदी का सोमवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को सुबह 10 बजे निज निवास से देवकीनंदन मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे किरण बाजपेयी, अंजू बाजपेयी, अल्का शुक्ला, आशुतोष त्रिवेदी (रिभू) व करुणा शुक्ला की माता थीं।

### पार्वती केशरवानी



**बिलासपुर।** सोमवार 8 अप्रैल की रात 12 बजे श्रीमती पार्वती केशरवानी का निधन हो गया है। वे हंसुआ वाले स्व. गोरेलाल केशरवानी की धर्मपत्नी, रविन्द्र, राकेश एवं राजेश केशरवानी की माता, सौरभ केशरवानी की दादी थीं। उनका अन्तिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में मंगलवार 9 अप्रैल की सुबह 11 बजे किया जाएगा।